02 लोजपा रामविलास ने पांच सीटों का किया एलान, हाजीपुर से खुद लड़ेंगे चुनाव
04 प्रशिक्षण केन्द्र पर बनेगा वोटर फेसिलिटेशन सेन्टर: डीएम




● bordernewsmirror@gmail.com
● पटना, दिल्ली व कोलकाता से एक साथ प्रसारित
● द्विभाषिक समाचार पत्र

BORDERNEWSMIRROR BNM to the point...

# बॉर्डर न्यूज मिरर

...खबरों से समझौता नहीं

● पटना, रविवार, 31 मार्च 2024 | www.bordernewsmirror.com | ● पृष्ठ: 08, मूल्य: 5 रूपए ● वर्ष: 05, अंक: 30



Lakshya Raj Public School

LAKSHYA RAJ KIDZEE

Mission Chowk, Pataura (Infornt of Durga Mandir) Motihari Mob.- 9128562441


## अभिषेक बनर्जी की भाजपा को चुनौती, कहा– मुफ्त गैस का वादा करें पीएम मोदी



कोलकाता। तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने भाजपा पर हमला करते हुए एक नई चुनौती दी है। शनिवार को मथुरापुर लोकसभा क्षेत्र के कुलपी में एक सभा के दौरान अभिषेक ने भाजपा पर कटाक्ष करते हुए कहा, ''डायमंड हार्बर में भाजपा को उम्मीदवार नहीं मिल रहे हैं ! चार केंद्रों पर अब भी उम्मीदवार मैदान में नहीं उतरे हैं। मैं कहूंगा कि बादलों के पीछे से खेलने का कोई मतलब नहीं है। उन चार केंद्रों में ईडी, सीबीआई, एनआईए और आयकर विभाग को नामित करें। उन्होंने बहुत काम किया है। मेघनाद की तरह बादलों के पीछे मत रहो, इस बार जनता के दरबार में आओ और लड़ो।''भाजपा ने अभी तक राज्य की चार सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की है। इनमें अभिषेक के संसदीय क्षेत्र डायमंड हार्बर के अलावा बीरभूम, आसनसोल और झाड़ग्राम शामिल हैं। अभिषेक ने कुलपी की सभा से भाजपा द्वारा लक्ष्मी भंडार का फंड बढ़ाने की बात पर भी तंज कसा। तृणमूल महासचिव ने कहा, ''भाजपा कहती है कि अगर वे सत्ता में आये तो लक्ष्मी भंडार का पैसा बढ़ाकर 3000 कर देंगे। वे देश के 27 राज्यों में सत्ता में हैं। क्या यह किसी राज्य में हुआ ? उन्होंने कहा कि अगर भाजपा मुफ्त गैस देने का वादा करे तो मैं सभी 42 लोकसभा सीटों से अपने तृणमूल उम्मीदवारों को वापस ले लूंगा। इस बार तृणमूल ने मथुरापुर लोकसभा से युवा नेता बापी हलदर को उम्मीदवार बनाया है। पिछले तीन बार से सांसद चौधरी मोहन जटुआ को पार्टी ने शारीरिक कारणों से टिकट नहीं दिया। अभिषेक ने कुलपी और मथुरापुर के बीच का अंतर भी खत्म कर दिया। पिछली बार जटुआ तीन लाख वोटों से जीते थे। इस बार अभिषेक बनर्जी ने कहा कि मथुरापुर को विकसित करने की जिम्मेदारी मेरी है। इस बार यहां के उम्मीदवार को 3.5 लाख से अधिक वोटों के अंतर से जीताना होगा।

# भाजपा का कांग्रेस पर निशाना

## राष्ट्रीय प्रवक्ता जफर इस्लाम ने कहा- देश के कानून से कोई भी ऊपर नहीं



नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) इनकम टैक्स को लेकर कांग्रेस पर लगातार हमलावर है। भाजपा का कहना है कि कांग्रेस कानून से ऊपर नहीं है। देश के कानून का कोई भी उल्लंघन करेगा उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। आयकर नहीं भरने पर संबंधित विभाग कानून के तहत कार्रवाई कर सकता है, लेकिन कांग्रेस इस मामले में लोगों को गुमराह करने की कोशिश कर रही है। शनिवार को संवाददाता सम्मेलन में राष्ट्रीय प्रवक्ता जफर इस्लाम ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि हाशिये पर रहने वाली पार्टी ही इस तरह से कानून का उल्लंघन करती है और अगर एजेंसी कार्रवाई करे तो लोगों को गुमराह करने की कोशिश करती है। जेल से बेल तक सभी नेता एक मंच पर जुटे हैं। फ्रॉड किए लोग जमा हो रहे हैं। जफर इस्लाम ने कहा कि जिस मामले में कांग्रेस पार्टी शोर मचा रही है वो मामला 2014 से 2021 से चला आ रहा है। आयकर विभाग ने कांग्रेस को कई रिमाइंडर भेजा। जवाब न मिलने पर इनकम टैक्स के प्रावधान 226 (3) के तहत कार्रवाई की तो कांग्रेस ट्रिब्यूनल के पास गई लेकिन उसे वहां से कोई राहत नहीं मिली। 13 मार्च को कोर्ट ने पार्टी की अर्जी खारिज कर दी। साल 2021 में आयकर के प्रावधान 153(सी) के तहत री-एसेसमेंट का आदेश जारी किया गया। कई बार रिमाइंडर दिया गया लेकिन कांग्रेस पार्टी सोती रही। पार्टी देश का कानून का पालन करना ही नहीं चाहती। उन्होंने कहा कि कोर्ट से भी पार्टी को कोई राहत नहीं मिली। 2014-2021 तक के दस्तावेज देखने के बाद हाई कोर्ट ने फटकार लगाई है। कांग्रेस ने कई चीजों में टैक्स की चोरी की है, 520 करोड़ को छुपाया। 24 मार्च 2024 में हाई कोर्ट ने फटकार लगा आदेश दिया है। अब कांग्रेस पार्टी को देश के संवैधानिक संस्थाओं का भी अपमान करने लगी है। सभी दल न जाने किसके खिलाफ धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। जफर इस्लाम ने कहा कि कांग्रेस पार्टी खुद को कानून से ऊपर समझती है। वे राजपाठ मेवा के लिए करते हैं। लेकिन देश में अभी मोदी का काल है सबके लिए कानून बराबर है। कानून का सभी को पालन करना ही पड़ेगा। आज विपक्षी दल संस्था को धमकाने की कोशिश कर रही है, यह दर्शाता है कि वे हार मान चुके हैं। उन्होंने अपने शासन काल में देश का 12 लाख करोड़ रुपये लूटा है। अब कर की चोर करती है लेकिन जनता जवाब जरूरी देगी। कांग्रेस अब सिंगल डिजिट में सिमट जाएगी। देश में लोकतंत्र है, था और हमेशा रहेगा।

## वंशवादी व्यवस्था बदलनी होगी: मोदी

चेन्नई (तमिलनाडु)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को नमो ऐप के जरिए तमिलनाडु के भाजपा कार्यकर्ताओं से बातचीत की और लोकसभा चुनाव में जीत का मंत्र दिया। 'एनाथू बूथ वलिमैयाना बूथ' (मेरा बूथ सबसे मजबूत) कार्यक्रम में उन्होंने भाजपा और एनडीए उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित करने को प्रोत्साहित किया। मोदी ने पार्टी कार्यकर्ताओं को द्रमुक सरकार के खिलाफ सत्ता विरोधी भावना का फायदा उठाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि डीएमके सरकार और उसके सहयोगियों के तमिलनाडु में सत्ता में आने के बाद से तमिलनाडु में शासन की हालत खराब है। उन्होंने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ दल भ्रष्टाचार, कानून और व्यवस्था की समस्याओं और नशीली दवाओं के व्यापार के लिए जिम्मेदार है। ऐसे सभी मुद्दों को बूथ के हर परिवार तक पहुंचाने की जरूरत है।

## इंदौर में बना 54वां ग्रीन कॉरिडोर, तीन लोगों को मिला नया जीवन





इंदौर। स्वच्छता मामले में देश में लगातार अपना परचम फहराने वाला मप्र का इंदौर शहर अंगदान के क्षेत्र में भी पीछे नहीं है। यहां शनिवार को 54वां ग्रीन कॉरिडोर बनाकर तीन लोगों को नया जीवन प्रदान किया गया। शहर के राजा रमन्ना सेंटर फार एडवास्ड टेक्नोलॉजी (आरआर केट) के वरिष्ठ वैज्ञानिक श्रीरामुलु कंजेटी के ब्रेन डेड घोषित होने के बाद उनके परिजनों की सहमति से ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया और उनके अंगों को दो अलग-अलग अस्पताल पहुंचा कर तीन लोगों में प्रत्यारोपित किया गया। जानकारी के अनुसार, आआर केट के वरिष्ठ वैज्ञानिक श्रीरामुलु कंजेटी मरीज लंबे समय से बीमारियों से ग्रसित थे। सीवियर ब्रेन हेमरेज के उपरांत उन्हें जुपिटर विशेष अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां शनिवार को सुबह उन्हें ब्रेन डेड घोषित किया गया और उनके परिजनों को चि कि त्स क डॉ. विनोद राय ने इसकी सूचना दी। इसके बाद मुस्कान ग्रुप के संदीपन आर्य एवं डॉ. भाविक शाह ने परिवार के सदस्यों से अंगदान के लिए अनुरोध किया। अंगदान के लिए इनकी पुत्री लिपिका, पारिवारिक मित्रों ने भी जागरूकता दिखाई। इसके बाद अंगदान के लिए व्यवस्थाएं जुटाना शुरू की। परिवार की स्वीकृति मिलने के बाद चार चिकित्सक दलों की ब्रेन डेथ सर्टिफिकेशन कमेटी ने रोगी का ब्रेन डेथ प्रमाणित किया। शनिवार को जूपिटर विशेष हॉस्पिटल से शेल्बी हॉस्पिटल और चोइथराम हॉस्पिटल के लिए ग्रीन कॉरिडोर बना। जुपिटर अस्ताल से शैल्बी अस्पताल के लिए सुबह 11.49 बजे ग्रीन कॉरिडोर बना और 11.57 बजे किडनी शैल्बी अस्पताल पहुंच गई। वहीं, दूसरा कॉरिडोर जूपिटर अस्पताल से चोइथराम के लिए सुबह 11.42 बजे बना, जो 11.50 बजे पूर्ण हुआ। ग्रीन कॉरिडोर के दौरान ट्रैफिक पुलिस मार्ग पर तैनात रही। ट्रैफिक को रोककर एम्बुलेंस को कम समय में अस्पतालों तक पहुंचा गया। कोंजाटी की एक किडनी एक महिला रोगी को, दूसरी किडनी पुरुष रोगी एवं लीवर एक रोगी को प्रत्यारोपित किया गया। गौरतलब है कि मध्य प्रदेश के कुल अंगदान का 80 प्रतिशत इंदौर में होते हैं। शहर के नौ अस्पतालों में अंगों के प्रत्यारोपण की सुविधा है। इंदौर त्वचा दान के मामले में देश में दूसरे नंबर पर है। दान किए जा सकने वाले अंगों में कार्निया, ह्रदय के वाल्व, हड्डी, त्वचा जैसे ऊतकों को प्राकृतिक मृत्यु के बाद दान किया जा सकता है। ह्रदय, यकृत, गुर्दे, फेफड़े और अग्नाशय जैसे अन्य महत्वपूर्ण अंगों को केवल ब्रेनडेड के मामले में ही दान किया जा सकता है।

MADAN RAJ NURSING HOME
HOSPITAL ROAD MOTIHARI, (BIHAR)
Contact No.- 9801637890, 6200450565, 9113374254

## पप्पू यादव को महागठबंधन का धर्म निभाना चाहिए: बीमा भारती

पटना। लोकसभा चुनाव में इस बार महागठबंधन से बिहार का पूर्णिया लोकसभा क्षेत्र सबसे चर्चित रहा है। ऐसा इसलिए क्योंकि, महागठबंधन में पूर्णिया संसदीय क्षेत्र राजद के खाते में है और यहां से राजद ने अभी हाल में ही जदयू छोड़कर राजद में शामिल होने वाली रूपौली की विधायक बीमा भारती को उम्मीदवार बनाया है। इसके बाद भी महागठबंधन का हिस्सा कांग्रेस में शामिल हुए पप्पू यादव पूर्णिया से चुनाव लड़ने की जिद्द पकड़े बैठे हैं।इस पर पहली बार शनिवार को बीमा भारती की प्रतिक्रिया आयी है। उन्होंने कहा कि पप्पू यादव कांग्रेस



में हैं। वह कुछ दिन पहले ही कांग्रेस में शामिल हुए हैं। यह पूरे देश की लड़ाई है। सिर्फ पूर्णिया की लड़ाई नहीं है। पूरे देश की लड़ाई में इस तरह की बातें करनी अच्छी बात नहीं है। वह हमारे गार्जियन है और गार्जियन की तरह फर्ज निभाने की कोशिश करें, यही हम उनसे निवेदन करेंगे।बीमा भारती ने कहा कि पप्पू यादव हमारे बड़े भाई हैं। उनसे हमारा आग्रह है कि वह महागठबंधन का धर्म निभानाएं। महागठबंधन में शामिल कांग्रेस, राजद और वाम दल सभी लोगों ने मिलकर हमारे नाम का समर्थन किया है। ऐसे में उनको भी हमारा समर्थन करना चाहिए। पूर्णिया में फ्रेंडली फाइट के सवाल पर उन्होंने कहा कि इस बात पर मैं विचार ही नहीं कर रही कि वह चुनाव मैदान में मेरे खिलाफ उतरेंगे। मुझे उम्मीद है कि वह ऐसा काम नहीं करेंगे और मुझे अपना समर्थन देंगे।

## लोजपा रामविलास ने पांच सीटों का किया एलान, हाजीपुर से खुद लड़ेंगे चुनाव

पटना। लोजपा (रामविलास) ने बिहार में पांच लोकसभा सीटों के लिए अपने उम्मीदवारों के नाम तय कर लिये हैं। चिराग पासवान खुद हाजीपुर सीट से उम्मीदवार हैं. जमुई से उन्होंने अपने बहनोई अरूण भारती को उम्मीदवार बनाया है। अरूण भारती जमुई से नामांकन भी कर चुके हैं। चिराग पासवान ने समस्तीपुर लोकसभा सीट से नीतीश के करीबी मंत्री अशोक चौधरी की बेटी शांभवी चौधरी को उम्मीदवार बनाया है। शांभवी की शादी आचार्य किशोर कुणाल के बेटे से हुई है। वैशाली सीट से मौजूदा सांसद



वीणा देवी को टिकट मिला है। वीणा देवी भी पशुपति पारस के साथ चली गयी थीं। सबसे दिलचस्प उम्मीदवार खगड़िया से उतारा गया है। खगड़िया से राजेश वर्मा को टिकट दिया गया है। राजेश वर्मा भागलपुर के रहने वाले हैं। वे पिछला विधानसभा चुनाव लोजपा के टिकट पर लड़े थे।

## एनडीए ने कर्पूरी ठाकुर को दिया सम्मान, राजद-कांग्रेस ने उनके आदर्शों को रौंदा: सुशील मोदी

पटना। पूर्व उप मुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी ने जननायक कर्पूरी ठाकुर और चौधरी चरण सिंह सहित देश की चार विभूतियों को मरणोपरांत 'भारत-रत्न' से सम्मानित किये जाने का स्वागत करते हुए कहा कि कांग्रेस ने पिछड़े समुदाय से आने वाले और सामाजिक न्याय के लिए संघर्ष करने वालों का कभी सम्मान नहीं किया। मोदी ने बयान जारी कर शनिवार को कर्पूरी ठाकुर को भारत-रत्न देने के लिए बिहार की जनता और विशेष कर राज्य के पिछड़े-वंचित वर्गों की ओर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार प्रकट किया। साथ ही कहा कि आज इंडी गठबंधन में वही लोग हैं, जिन्होंने कर्पूरी ठाकुर को सम्मान नहीं दिया और जननायक के आदर्शों को रौंदने में कोई कसर नहीं छोड़ी। सुशील मोदी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के सत्ता में आने के बाद पद्म पुरस्कारों से लेकर भारत-रत्न तक,



सभी नागरिक सम्मान उन लोगों को मिलने लगे, जो अपने-अपने क्षेत्र में लगातार और निःस्वार्थ भाव से काम करते रहे। कांग्रेस राज में ये पुरस्कार एक पार्टी और एक परिवार के प्रति वफादार होने वालों तक सीमित थे। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार ने राष्ट्रीय पुरस्कारों को अधिक लोकतांत्रिक बनाया।

## पशुपति पारस का यू-टर्न, एनडीए को दिया समर्थन

पटना। एनडीए में सीट बंटवारे के बाद से राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के अध्यक्ष पशुपति कुमार पारस खासे नाराज चल रहे थे। उन्होंने केंद्रीय मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद उनके महागठबंधन में जाने की अटकलें तेज हो गयी थीं। उन्होंने हाजीपुर से चुनाव लड़ने का फैसला भी कर लिया था लेकिन अब उन्होंने यू-टर्न ले लिया है। पारस ने शनिवार को सोशल मीडिया एक्स लगातार दो पोस्ट डालकर रुख साफ कर दिया है। उन्होंने न सिर्फ खुद को एक बार फिर से मोदी के परिवार में शामिल कर लिया है, बल्कि आने वाले लोकसभा चुनाव में एनडीए के समर्थन की घोषणा कर दी है। इस दौरान उन्होंने खुद को एनडीए का अभिन्न अंग बताया। साथ ही नरेन्द्र मोदी को अपना नेता बताया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं रालोजपा प्रमुख पशुपति कुमार पारस ने एक्स हैंडल पर लिखा है, 'हमारी पार्टी रालोजपा, एनडीए



का अभिन्न अंग है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र हमारे भी नेता हैं और उनका निर्णय हमारे लिए सर्वोपरि है। उनके नेतृत्व में 400 सीटें जीतकर तीसरी बार रिकॉर्ड तोड़ बहुमत से एनडीए की सरकार बनेगी।' उल्लेखनीय है कि लोकसभा चुनाव में एनडीए के सीट बंटवारे में उनकी पार्टी को जगह नहीं मिलने के बाद पशुपति पारस ने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। साथ ही अपने एक्स हैंडल से मोदी का परिवार भी हटा दिया था। उन्होंने महागठबंधन में अपनी जगह बनाने की कोशिश की लेकिन बीते शुक्रवार जब महागठबंधन ने सीटों का एलान किया तो उन्हें अपनी जगह नजर नहीं आयी और वर्तमान परिस्थिति में वह अकेले चुनाव लड़ नहीं सकते। क्योंकि, उन्हें हार का डर सता रहा था। हाजीपुर से लड़ने का विकल्प उनके पास था नहीं। ऐसी परिस्थिति में उन्होंने एनडीए में फिर से लौटने को ही सही समझा।

कामयाबी | कुख्यातों के विरुद्ध कड़ी व त्वरित कार्रवाई जारी

## कारतूस, तीन खोखा के साथ तीन अपराधी गिरफ्तार


सहरसा।आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस द्वारा निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर कुख्यात अपराधियों के विरुद्ध कड़ी नजर रखते हुए त्वरित कार्रवाई की जा रही है। शनिवार को सदर थाने में साइबर डीएसपी आलोक कुमार ने बताया कि पुलिस के द्वारा किए गए कार्रवाई में जिले के तीन शातिर अपराधियों की गिरफ्तारी पुलिस के लिए बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने बताया कि हत्या लूट रंगदारी एवं आर्म्स एक्ट मामले के तीन अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष सदर को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि फरार अपराधकर्मी सुमन साह उर्फ सुमन बजरंगी, पिता शंकर साह, सा०-कहरा, थाना व जिला-सहरसा अपने अन्य सहयोगियों के साथ बनगांव रोड अन्तर्गत जय गोसाई इण्टरप्राइजेज से आगे



सड़क किनारे हथियार से लैस होकर बैठा हुआ है जो किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के फिराक में हैं। सूचना के सत्यापन के लिए पुलिस की टीम ने बनगांव रोड़ अन्तर्गत जय गोसाई इण्टरप्राइजेज के पास घेराबंदी कर सुमन साह उर्फ सुमन बजरंगी पिता शंकर साह,नितीश कुमार पिता मोहन यादव, प्रशांत कुमार उर्फ आयुष यादव पे विनोद यादव को गिरफ्तार किया गया। वही इनके अन्य साथी भागने में सफल हो गये। गिरफ्तार व्यक्तियों की तलाशी लेने पर दो देशी कट्टा,दो जिन्दा कारतूस, तीन खोखा एवं दो मोबाईल उनके पास से बरामद हुआ। इस संबंध में सदर थाना में मामला दर्ज किया गया तथा फरार अभियुक्तों के गिरफ्तारी हेतु छापेमारी की जा रही है।गिरफ्तार अपराधकर्मी सुमन साह उर्फ सुमन बजरंगी एवं नितीश कुमार का पूर्व में भी अपराधिक इतिहास रहा हैं। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए सभी अपराधियों का पुराना लंबा आपराधिक इतिहास रहा है जिसके कारण सुमन बजरंगी के ऊपर विभिन्न थाने में कुल सात मामले दर्ज हैं। वहीं नीतीश कुमार एवं प्रशांत कुमार के ऊपर भी विभिन्न स्थानों में कुल पांच मामले दर्ज हैं। उन्होंने बताया कि यह सभी मामले हत्या लूट रंगदारी एवं आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## नियोजित शिक्षकों का रिजल्ट देकर सरकार ने एक और वादा किया पूरा : विजय चौधरी

पटना। संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि नियोजित शिक्षक से सरकारी शिक्षक बनने के लिए आयोजित सक्षमता परीक्षा के नतीजे आ चुके हैं, जिससे स्पष्ट है कि सरकार ने एक और वादा पूरा किया। इस परीक्षा में जितने शिक्षक शामिल हुए थे, उनमें लगभग 95 प्रतिशत उत्तीर्ण हुए हैं। विजय चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री ने बार-बार कहा था कि यह परीक्षा ज्यादा कठिन नहीं होगी और नतीजे इसी बात की तसदीक करते हैं। उन्होंने कहा कि इसके अलावा अधिकांश शिक्षकों को पसन्द का जिला भी आवंटित हुआ है। इसलिए दूर के जिले में भेज दिये जाने की आशंका भी निर्मूल साबित हुई। इतना ही नहीं कई महिला शिक्षकों को तो शादी के बाद के पसन्द का ससुराल वाला जिला मिलने से पहले



से भी ज्यादा खुशी है। विजय चौधरी ने कहा कि पूरी प्रक्रिया इतने नियमित एवं पारदर्शी तरीके से हुई है कि इसके विरुद्ध कभी कोई शिकायत की भी गुंजाइश नहीं है और कोई चुनौती भी नहीं दे सकता है। अब तो शिक्षक जरूर समझेंगे कि उनका असली हमदर्द कौन है?

M.S. MEMORIAL PUBLIC SCHOOL
BALGANGA, ARERAJ ROAD, MOTIHARI
Contact No.- 9939047109, 9431203674

# होली के दिन रंग लगाने के विवाद में हुई मारपीट

पकड़ीदयाल। होली खेलने के दौरान दो पक्षों में विवाद के बाद जमकर लाठी डंडे चले, रंगों की होली खेलने वाले खून की होली खेलने लगे। घटना पकड़ीदयाल प्रखंड के सिसहनी गांव की है। इसमें लगभग आधा दर्जन लोग घायल हो गए जानकारी के अनुसार यह पूरा विवाद रंग डालने को लेकर शुरू हुआ था। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सिसहनी ग्राम में होली का रंग डालकर लोग उत्साह के साथ होली मना रहे थे। इसी बीच एक लड़की को रंग डालने को लेकर दो गुंडो में आपस में लड़ाई हो गई। बहस और गाली गलौज से शुरू हुआ। मामूली विवाद ने थोड़ी ही देर में



खतरनाक रूप ले लिया। दोनों पक्ष के लोग एक दूसरे पर डंडे और लाठियां लेकर मारपीट करने लगे। इसमें दर्जनों लोग घायल हो गए। यह घटना सोमवार की रोज की है। इस विवाद को समाप्त करने के लिए ग्रामीणों द्वारा कोशिश की गई। लेकिन चार रोज के बाद भी यह विवाद समाप्त नहीं हुआ। इस घटना के बाद दोनों पक्ष के तरफ से पकड़ीदयाल थाना में आवेदन देकर 27 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। जिसमें शोभा देवी के तरफ से 15 लोगों पर जबकि दूसरा पक्ष सुदीप प्रसाद के द्वारा 12 लोगों पर केस दर्ज हुआ है। जिसमें राजेश साह, सन्त लाल साह विकाश कुमार आदि शामिल है।

# ग्रामीणों नें चोर को पकड़ किया पुलिस को सुपुर्द



रामगढ़वा। रामगढ़वा थाना क्षेत्र के मंगलपुर पटनी वार्ड छः के ग्रामीणों नें एक चोर को रंगे हाथ पकड़ कर पुलिस को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से मंगलपुर पटनी वार्ड नम्बर छह से घर मे चोरी करते चोर को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। गिरफ्तार चोर हिमांशु कुमार मिश्र, रामगढ़वा दुबे टोला का निवासी है और यह अपने सहयोगियों के साथ रामवती देवी के घर मे चोरी करते रंगे हाथ पकड़ाया। जिसके बाद ग्रामीणों ने उक्त चोर को पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। वही पुलिस नें छापेमारी कर लक्ष्मनवा गांव से कमल यादव को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

# चोरी के रेलवे लोहा के साथ 4 गिरफ्तार

रक्सौल। स्थानीय स्टेशन पर तैनात आरपीएफ को गुप्त सूचना के आधार पर नायक टोला हरपुर स्थित एह्सानुल्लाह के कबाड़ दुकान में रेल सम्पत्ति रखा हुआ है। सूचना मिलते ही निरीक्षक प्रभारी रितुराज कश्यप के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक दिलीप कुमार साथ प्रधान आरक्षी गोपाल सिंह, आरक्षी पन्नेलाल यादव, आरक्षी राजीव कुमार, आरक्षी विनोद कुमार पासवान व सहायक उप निरीक्षक ज्ञानेश्वर मुर्मू अ.आ.शाखा रेसुबल रक्सौल स्थानीय थाना हरपुर को सूचित करते हुए उप निरीक्षक बल्ली राय में साथ स्टाफ स्थानीय थाना हरपुर के साथ उक्त कबाड़ दुकान में छापामारी किया गया तो भारी मात्रा में रेल का लोहा बरामद हुआ। उक्त दुकान मालिक एह्सानुल्लाह ठकुराई पिता मोहम्मद अजीमुल हक ठकुराई, छतवा वार्ड नं 01 थाना छतवा जिला बारा, नेपाल को रेल सम्पत्ति खरीदने एवं रखने के जुर्म में गिरफ्तार किया गया। जिसके बाद उसकी निशानदेही पर हरपुर वार्ड नं 05, पूर्वी चंपारण निवासी 58 वर्षीय जगदीश ठाकुर



पिता स्व. विश्वनाथ ठाकुर, 22 वर्षीय शम्भू कुमार पिता जगदीश ठाकुर, सिरिसिया कला वार्ड नं 09 थाना आदापुर, पूर्वी चंपारण निवासी 30 वर्षीय सुनील कुमार पिता कपिलदेव ठाकुर को रेल सम्पत्ति कि चोरी करने तथा उसे बेचने के जुर्म में गिरफ्तार किया गया। वही जगदीश ठाकुर के घर से भी भारी मात्रा में रेल का लोहा बरामद हुआ। एक अन्य व्यक्ति अजीज हवारी पिता जहीर मियां, हरपुर वार्ड नं 01 पूर्वी चंपारण फरार पाया गया। सभी गिरफ्तार अभियुक्तों एवं फरार अभियुक्त के विरुद्ध रेसुबल पोस्ट रक्सौल पर मु.अ.सं - 04/2024 अंतर्गत धारा- 3 आरपी( यूपी) एक्ट पंजीकृत किया गया।

# मेधावी छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

बीएनएम@केसरिया। नगर स्थित दी इंडियन पब्लिक स्कूल में शनिवार को मेधावी छात्र-छात्रा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह के दौरान विद्यालय की वार्षिक परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। समारोह की शुरुआत डॉ वी के राय, डॉ राकेश कुमार, डॉ गणेश कुमार, सहित अन्य आगत अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर की। इसके बाद विद्यालय की छात्र-छात्राओं ने गीत, नृत्य, समूहगान, कवितापाठ, एकांकी सहित अन्य कलाओं की प्रस्तुति दी। जिस पर उपस्थित जनसमूह ने जमकर तालियां बजायी।वहीं विद्यालय की छात्र-छात्राओं ने एकांकी के माध्यम से लोकसभा आम निर्वाचन में अधिक से अधिक मतदान करने के लिए लोगों से अपील की। समारोह के दौरान विद्यालय की वार्षिक परीक्षा के टॉपर वर्ग सात के कृशंग किशोर, वर्ग चार की शान्वी प्रिया, एलकेजी




जोया अफरीन व यूकेजी की नादिया खातुन को सम्मानित किया गया। वहीं कला प्रदर्शन में बेहतर प्रदर्शन करने वाले वर्ग सात की जान्वी त्यागी, नित्या राज, आशिया नाज अलीशा खातुन एवं वर्ग चार के प्रवीण कुमार को सम्मानित किया गया। समारोह का संचालन विद्यालय के निदेशक रंजन कुमार व अध्यक्षता विद्यालय के व्यवस्थापक मो नौशाद ने की। इस अवसर पर चंद्रशेखर सिंह, राकेश कुमार रत्न, शिक्षक रितेश पाठक, पप्पू कुमार, अभिषेक मिश्रा, अभय कुमार, पल्लवी कुमारी, राजीव दीवान, क्लारा, झुन्नू, किरण, नवनीत कुमार, प्रिया, मनीषा, अजय कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

**जवाब** यह टिकट पाने के लिए बौखलाहट मे दिया जा रहा बयान है

# रितु जयसवाल के बयान पर लवली आनंद ने दी प्रतिक्रिया

शिवहर। लोकसभा चुनाव में नेताओं के बयानों के तीर अब चलने लगे हैं। इसी क्रम में राजद के प्रदेश प्रवक्ता रितु जयसवाल के बयान पर पूर्व सांसद एवं शिवहर जदयू प्रत्याशी लवली आनंद ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है, उन्होंने कहा है,यह टिकट पाने के लिए बौखलाहट मे दिया जा रहा बयान है। मुझ पर ये आरोप लगाकर टिकट लेना कहा से उचित है।वो भी मेरे प्रति जिसे शिवहर की महान जनता ने, दो -दो बार मेरे पति आंनद मोहन को सांसद बनाया, वही तीसरी बार मात्र 900 वोटो से हराया गया, दूर मे रहकर के टिका टिप्पणी करना ये मुझे और शिवहर की महान जनता को बर्दास्त नहीं,आप तमाम लोग जानते है की मै स्वतंत्रता सेनानी परिवार से हूँ, मेरे पति आनंद मोहन जी का परिवार भी स्वतंत्रता सेनानी परिवार है।आप बिना किसी की पृष्ठभूमि को जाने बिना टिका




टिप्पणी करना उचित नहीं है।ये उनकी राजनीतिकी बचपना वाली हरकत है,उनकी पूरी पोलिटिकल अपरिपक्वता मे ये बयान देना और अपराधी बोलना बिल्कुल उचित नहीं है,हम बता रहे पहले किसी के परिवार की इतिहास को जान ले फिर कोई प्रतिक्रिया दे। जदयू उम्मीदवार लवली आनंद ने कहा कि ऐसा कैसे कह दिया गया की शिवहर के लोग पसंद नहीं करते, जबकि हम तो शिवहर के लोग के दिल मे बसते है। और शिवहर के लोग हमारे दिल मे बसते है, ये बात शिवहर की महान जनता कभी बर्दास्त नहीं करेगी।जबकि ये सभी जानते की शिवहर की जनता ने हमारे बेटे चेतन आंनद को 40 हजार वोटो से जिताया है। ये शिवहर की जनता जानती और हमें क्या चाहिए, इस बयान का उत्तर शिवहर की जनता देगी।

# पत्नी और तीन बेटियों का हत्यारा ईदु ने की आत्महत्या, रेलवे ट्रैक से शव बरामद

मोतिहारी। जिले के पहाड़पुर थाना क्षेत्र के बाबरिया गांव में पत्नी व तीन बच्चों को धारदार हथियार से काटकर हत्या करने वाला ईदु अंसारी ने भी अपनी जान दे दी है। शुक्रवार की देर रात सुगौली में रेलवे ट्रैक से उसका शव बरामद किया गया है।बताया जा रहा है कि उसने ट्रेन के आगे आकर आत्महत्या कर ली है। उल्लेखनीय है कि ईदु ने गुरुवार की देर रात में अपने घर में सो रही पत्नी अफरीना खातून सहित तीन बच्चियों को चारा काटने वाले गडांसे से काटकर मार डाला था। इस वीभत्स हत्याकांड को अंजाम देने के बाद वह घर से फरार था। ईदु को पकड़ने के लिए मोतिहारी एसपी कांतेश कुमार मिश्र ने 15 हजार रुपये इनाम की भी घोषणा की थी।बताते चले कि ईदु ने दो शादियां की थी। पहली पत्नी से उसके दो पुत्र है।जो जिले से बाहर रहकर काम करते है।वही पहली पत्नी की मौत के बाद उसने दूसरी शादी अफरीना से की थी,जिससे उसे पांच बेटी थी। एक बेटी की उसने शादी की थी। वही एक बेटी को उसने कुछ साल पूर्व यूपी में चलती ट्रेन से फेक कर मार दिया था। वही गुरुवार को इदु मियां ने 40 साल की पत्नी अफरीना खातून और शेष बची तीनो बेटियों 13 वर्ष की अबरुन खातून, 11 वर्ष की तबरुन खातून और 9 वर्ष की शहजादी खातून की बेरहमी से गला रेत कर हत्या कर दी थी। हालांकि उसकी मौत के साथ इन वीभत्स हत्या के कारणो का खुलासा अब नही हो पायेगा। दूसरी पत्नी की अफरीन खातून का मायका पश्चिम चंपारण जिले के झखरा गांव निवासी बताते है,कि ईदु गुस्सैल मिजाज का आदमी था।

STONE CLINIC MOTIHARI
स्टोन क्लिनिक मोतिहारी
शास्त्री नगर, महिला कॉलेज रोड, मोतिहारी
डॉ. मीना
MBBS,DGO, DNB, (OBG), FMAS
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ


# वाल्मीकिनगर से लोकसभा उम्मीदवार दिनेश अग्रवाल को मिला बगहा सरपंच संघ का समर्थन



बगहा। बगहा -1 प्रखण्ड के सरपंच संघ की बैठक शनिवार को चौतरवा के कोट माई स्थान के प्रांगण में हुई, जिसकी अध्यक्षता प्रदेश उपाध्यक्ष सह जिलाध्यक्ष प्रतिनिधि जगन्नाथ यादव ने किया। बैठक में सभी सरपंचों ने अपने- अपने पंचायत के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की तथा साथ ही आगामी 2024 लोकसभा चुनाव पर भी चर्चा की।चर्चाओं के क्रम में यह बात उभर कर आई कि वाल्मीकिनगर लोकसभा क्षेत्र से दिनेश अग्रवाल योग्य एवं शिक्षित उम्मीदवार हैं, ये हमेशा जनहित के कार्यों से जनता के बीच पाए जाते हैं।उन्होंने वाल्मीकिनगर लोकसभा क्षेत्र में जनता के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य,कृषि और रोजगार के क्षेत्र में अनेकों कार्य किया है।इन सभी बातों पर ध्यान देते हुए सरपंच संघ ने दिनेश अग्रवाल को एक स्वच्छ एवम सुयोग्य प्रत्याशी के रूप में एक स्वर में अपना समर्थन दिया। साथ ही दिनेश अग्रवाल को अंगवस्त्र से सम्मानित किया और कहा की यह सम्मान आम जनता द्वारा चुने गए सरपंच संघ के तरफ से ही नहीं बल्कि उन सभी सम्मानित जनता के तरफ से भी हैं साथ ही यह भी कहा की दिनेश अग्रवाल इस बार के चुनाव में आप वाल्मीकिनगर का प्रत्याशी के रूप में प्रतिनिधित्व करें हम सभी आपके साथ हैं।

# ईवीएम डिस्पैच सेन्टर पर स्ट्रांग रूम की तैयारी, सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्थाएं ससमय कराएं पूर्ण : जिला निर्वाचन पदाधिकारी

बीएनएम@बेतिया

जिला निर्वाचन पदाधिकारी दिनेश कुमार राय ने कहा कि ईवीएम डिस्पैच सेन्टर पर स्ट्रांग रूम की तैयारी, सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्थाएं ससमय पूर्ण करा लिया जाय। उन्होंने कहा कि ईवीएम स्ट्रॉंग रूम में सीसीटीवी एवं सुरक्षा आदि की पुख्ता व्यवस्था सहित पोल, रिजर्वड एवं अनपोल्ड, नन फंक्शनल ईवीएम मशीन हेतु अलग-अलग स्टोरेज की व्यवस्था सुनिश्चित की जाय। उन्होंने निर्देश दिया कि निर्वाचन कर्मियों का प्रथम एवं द्वितीय रेन्डमाईजेशन, माइक्रो ऑब्जर्वर की नियुक्ति एवं उनका प्रशिक्षण, मतदान कर्मियों का निर्वाचन प्रक्रिया एवं ईवीएम से संबंधित प्रशिक्षण सहित मतदान कर्मियों के द्वितीय प्रशिक्षण के बाद मानदेय की राशि का उनके बैंक खाते में ट्रांसफर आदि कार्य निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन करते हुए कराना सुनिश्चित किया जाय। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा निर्वाचक सूची, पोस्टल बैलेट, मतदान केन्द्र, निर्वाचन व्यय अनुश्रवण, विधि-व्यवस्था, कम्युनिकेशन प्लान, आईटी एप्लीकेशन, वेबकास्टिंग आदि से संबंधित किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की गयी।

# बेतिया में शराब की 56 बोतलों के साथ एक गिरफ्तार



बेतिया। बेतिया पुलिस जिला के पुरूषोत्तमपुर पुलिस ने नेपाल से बाइक पर लाद कर ला रहे शराब के बोतलों के साथ एक धंधेबाज को धर दबोचा है। पुलिस ने बताया कि दरोगा राजनरायण कौशिक सदलबल शुक्रवार की शाम को इंडो नेपाल बार्डर के पास गश्त पर थे।तभी एक संदिग्ध बाइक सवार नेपाल से आ रहा था। पुलिस के संदेह होने पर उसे रोका गया लेकिन वह बाइक लेकर भागने लगा, जिसे पुलिस कर्मियों ने खदेड़ कर पकड़ा। जांच के उपरांत जब्त बाइक से उस पर लदे बोरा में नेपाल निर्मित शराब की छप्पन बोतलें मिली। तुरंत बाइक सवार को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार बाइक सवार मैनाटाड़ थाना क्षेत्र के भेड़िहरवा निवासी मुफुज आलम है, जिसके विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत केस दर्ज कर शनिवार को न्यायिक हिरासत में बेतिया भेज दिया गया।

# मानपुर से अवैध हथियार के साथ युवक गिरफ्तार

## डमरापुर गांव के घटना का अंजाम देने जा रहा था युवक

## एक देशी पिस्टल, एक जिंदा कारतूस हुई बरामद



बेतिया। मानपुर थाना क्षेत्र के भथूहवा गांव में शनिवार को एक देसी पिस्टल व एक जिंदा कारतूस के साथ एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. गिरफ्तारी के दौरान युवक हथियार और कारतूस लेकर घूम रहा था तभी संदेह के आधार पर पुलिस ने उसे दबोच कर पूछताछ की तब मामला का खुलासा हुआ. पुलिस फिलहाल युवक के आपराधिक इतिहास के साथ ही हथियार लेकर घूमने के उद्देश्य को खंगालने में लगी है. इस संबंध में जानकारी देते थानाध्यक्ष अजय कुमार चौधरी ने बताया कि शनिवार को पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि एक संदिग्ध युवक थाना क्षेत्र के डमरापुर गांव की तरफ से लोडेड पिस्टल के साथ किसी आपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक में गांव की तरफ घुसते हुए देखा गया है. युवक की तलाशी लेने पर उसकी कमर से एक देसी पिस्टल, पाकेट से एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया. गिरफ्तार युवक की पहचान लौरिया थाना क्षेत्र के हरपुर गांव निवासी मुकुर्धन राम का 19 वर्षीय पुत्र सूरज कुमार के रूप में की गई है।

# प्रशिक्षण केन्द्र पर बनेगा वोटर फेसिलिटेशन सेन्टर: डीएम



मोतिहारी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार के द्वारा बिहार के सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारी के साथ लोक सभा निर्वाचन-2024 की तैयारियों की समीक्षा की गयी। समीक्षा के उपरांत जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह जिलाधिकारी पूर्वी चम्पारण सौरभ जोरवाल के द्वारा प्रशिक्षण कोषांग एवं बैलेट पेपर कोषांग के नोडल पदाधिकारियों को मतदान कर्मियों / पदाधिकारियों को दिये जाने वाले द्वितीय चरण के प्रशिक्षण के दौरान पोस्टल बैलेट से उनका मतदान कराने की व्यवस्था प्रशिक्षण केन्द्र ही कराने का निर्देश दिया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि जिला स्तर पर मतदान पदाधिकारियों का प्रशिक्षण दो चरणों में कराया जाएगा। मतदान कर्मी / पदाधिकारी प्रशिक्षण के दूसरे चरण में पोस्टल वैलेट से अपना मतदान प्रशिक्षण केन्द्र पर ही बनाये गये फैसिलीटेशन सेन्टर पर कर सकेंगे। इसकी सम्पूर्ण व्यवस्था कर लेने का निर्देश दिया गया है। डीएम के द्वारा बताया गया है कि सभी मतदान कर्मियों के यात्रा भत्ता का भुगतान उनके बैंक खाता में किया जायेगा। यह भुगतान भी द्वितीय प्रशिक्षण के दौरान कराया जाएगा जिसकी समुचित व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया है। इस बार निर्वाचन प्रक्रिया में पीसीसीपी को समाप्त किया गया है और उनकी जगह सेक्टर

दण्डाधिकारी कार्य करेंगें। डीएम ने बताया है कि सेक्टर पदाधिकारी ही सेक्टर दण्डाधिकारी बनेंगें और उनके द्वारा ही डीस्पैच सेन्टर से ईभीएम मतदान केन्द्र तक सेंट्रल पारामिलिट्री फोर्स की निगरानी में जाएगा और मतदान की समाप्ति पर ईभीएम पुनः मतगणना केन्द्र पर बनाये गये स्ट्रांग रूम में उसी तरह कि सुरक्षा व्यवस्था में लाया जाएगा। यह प्रक्रिया पूर्व सुरक्षा व्यवस्था में सम्पन्न करायी जाएगी। जिलाधिकारी के द्वारा दिव्यांगजन मतदाता एवं 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं को चिन्हित कर उनसे प्रपत्र 12 डी में आवेदन लेकर उनका मतदान उनके घर ही कराने की व्यस्था रखने का निर्देश दिया गया। डिस्पैच सेन्टर पर बनाये जा रहे बजगृह को भारत निर्वाचन आयोग के गाईड लाईन के अनुसार बनाने का निर्देश दिया गया। यहाँ पर 24 घंटे बल की प्रतिनियुक्ति तथा सीसीटीवी कैमरा एक्टीव मोड मे रखने तथा बजगृह के आस-पास पूर्ण सुरक्षा की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी के द्वारा सभी 12 विधान सभाओं के के लिए चिन्हित किये गये डिस्पैच सेन्टर का लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा-160 एवं बिहार सरकार की अधिसूचना संख्या-18,दिनांक-03.09.2010 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए लोक सभा आम निर्वाचन-2024 के अवसर पर निर्वाचन कार्य यथा-डिस्पैच सेन्टर, मतपत्र विखण्ड आदि कार्य के लिए चिन्हित परिसर एवं भवन को अधिग्रहित कर लिया गया है। विडियों कॉफ्रेंसिंग में जिलाधिकारी के साथ अपर समाहर्त्ता पूर्वी चम्पारण, नगर आयुक्त नगर निगम मोतिहारी एवं उप निर्वाचन पदाधिकारी उपस्थित थे।

# अग्निशमन विभाग की ओर से चलाया जा रहा जागरूकता अभियान

मोतिहारी। आगलगी से बचाव को लेकर लोगों को किया गया जागरूक

बेतिया( घनश्याम )।तापमान बढ़ने के साथ ही आगलगी की घटनाओं की संभावना को देखते हुए इससे बचाव को लेकर अग्निशमन विभाग की ओर से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को बगहा अनुमंडलीय अस्पताल चौक पर अग्निशमन विभाग की ओर से जन जागरूकता अभियान कैंप लगाकर लोगों को आगलगी से बचाव की सलाह देते हुए उन्हें जागरूक किया गया। अग्निशमन विभाग के जिला समादेष्टा अनिल कुमार वर्मा के नेतृत्व में आयोजित इस जन जागरूकता कैंप में अग्निशमन विभाग के पदाधिकारी के द्वारा लोगों को आग से बचाव की जानकारी दी गई। साथ ही साथ अगलगी की घटना नहीं हो इसको लेकर लोगों से सतर्क रहने की सलाह दी गई।


# चतुर ही नहीं शातिर भी हैं रामदेव



निर्मल रानी

**रामदेव ने योग व इसके टी वी प्रचार के माध्यम से पहले तो स्वयं को प्रसिद्धि दिलाई। उसके बाद जब योग के बहाने राष्ट्रीय स्तर पर उनके समर्थकों की संख्या बढ़ने लगी तो नेता उनकी ओर स्वयं आकर्षित होने लगे। क्योंकि स्वभाविक है नेताओं को वह व्यक्ति बहुत भाता है जिसमें भीड़ को आकर्षित करने की क्षमता हो। इसी का लाभ उठाकर रामदेव ने अपने पतञ्जलि परिसर में नरेंद्र मोदी से लेकर बड़े से बड़े नेताओं मंत्रियों व मुख्यमंत्रियों को किसी न किसी आयोजन के बहाने आमंत्रित किया।**

योग गुरु बाबा रामदेव व उनका व्यवसायिक उद्यम पतंजलि आयुर्वेद पिछले दिनों एक बार फिर उस समय सुर्खियों में आया जबकि रामदेव व पतंजलि आयुर्वेद के प्रबंध निदेशक व सी ई ओ आचार्य बालकृष्ण ने सुप्रीम कोर्ट में चल रहे पतंजलि आयुर्वेद के गुमराह करने वाले एक दवा विज्ञापन मामले में सर्वोच्च न्यायालय में बिना शर्त अपनी गलती की माफी मांगी।गौरतलब है कि पतंजलि वेलनेस ने एक विज्ञापन देश के टी वी चैनल्स व विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित किया था जिसके माध्यम से एलोपैथी पर गलतफहमियां फैलाने का आरोप लगाया गया था। इसी विज्ञापन को लेकर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने 17 अगस्त 2022 को सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की थी। इस याचिका की सुनवाई में आईएमए ने दिसंबर 2023 और जनवरी 2024 में देश के अनेक अखबारों में जारी किए गए गुमराह करने वाले विज्ञापनों को अदालत के समक्ष प्रस्तुत किया। साथ ही 22 नवंबर 2023 को पतंजलि के उएड बालकृष्ण व बाबा रामदेव की उस पत्रकार वार्ता के बारे में भी बताया गया जिसमें पतंजलि ने मधुमेह और अस्थमा को पूरी तरह से ठीक करने का दावा किया था। इसी मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने पतंजलि को सभी भ्रामक दावों वाले विज्ञापनों को तुरंत बंद करने का आदेश देते हुये यह भी कहा था कि अदालत ऐसे किसी भी उल्लंघन को बहुत गंभीरता से लेगा और हर एक प्रोडक्ट के झूठे दावे पर 1 करोड़ रुपए तक जुमार्ना लगा सकता है। इसी मामले में अवमानना नोटिस का जवाब नहीं देने पर बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण दोनों को 2 अप्रैल को अदालत में व्यक्तिगत रूप से पेश होने का निर्देश भी दिया गया था। परन्तु पतंजलि आयुर्वेद ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दायर कर बिना शर्त माफी मांग ली। अदालत को दिये गये एक हलफनामे में आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि उन्हें कंपनी के अपमानजनक वाक्यों वाले विज्ञापन पर खेद है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा कोर्ट में हाजिर होने के आदेश के बाद पतंजलि आयुर्वेद द्वारा झूठे दावों वाले विज्ञापन के मामले में यह हलफनामा दायर किया गया । इस हलफनामे में बाबा रामदेव और आचार्य बालकृष्ण ने न सिर्फ बिना शर्त माफी मांगी बल्कि न्यायालय में दी गई अंडरटेकिंग में यह भी कहा कि यह गलती दोबारा नहीं होगी। हलफनामे पर दिये गये इसी माफीनामे में इसतरह के विज्ञापन को पुनः प्रसारित न करने का भी वचन दिया गया है।




योग विद्या को माध्यम बनाकर दिन दूनी रात चौगुनी की दर से अपना व्यवसाय चमकाने वाले रामदेव का विवादों से पुराना नाता रहा है। पतंजलि आयुर्वेद में हालांकि मुख्य चेहरा रामदेव का ही है परन्तु रामदेव ने पतंजलि आयुर्वेद का चेयरमैन व सी ई ओ अपने सबसे विश्वस्त सहयोगी नेपाली मूल के बाल किशन को बनाया है। यही वजह है कि पतंजलि आयुर्वेद में जहां रामदेव का कोई हिस्सा नहीं है वहीं इसके 94 % हिस्से के मालिक अकेले बाल किशन हैं। 51 वर्षीय बालकिशन की गिनती इस समय देश के 68 वें सबसे रईस व्यक्ति के रुप में होती है। उनका नाम फोर्ब्स पत्रिका में अरबपतियों की सूची में भी शामिल है। फोर्ब्स पत्रिका के मुताबिक बाल किशन की अनुमानित नेट वर्थ 3.8 बिलियन डॉलर है। राम देव व बाल किशन ने 2022 में अपना व्यवसायिक टर्न ओवर 40 हजार करोड़ का बताया था साथ ही यह भी कहा था कि उनका लक्ष्य 5 वर्ष में इसे दुगना करने का है।

रामदेव द्वारा आयुर्वेद अथवा इससे सम्बंधित उत्पादों को बनाना बेचना व इनके उचित विज्ञापन देना तक तो ठीक है परन्तु प्रायः वे अपने उत्पाद को सही ठहरने के लिये अक्सर दूसरी औषधीय प्रणालियों पर भी हमलावर हो जाते हैं। उन्हें विश्व विख्यात व सर्व स्वीकार्य एलोपैथी चिकित्सा प्रणाली से बड़ी चिढ़ है। लोगों का कहना है कि रामदेव अपने उत्पाद बेचने के लिये एलोपैथी चिकित्सा प्रणाली की आलोचना करते हैं। कोरोना काल में जिस भारतीय वैक्सीन को लेकर भारत सरकार अपनी पीठ थपथपा रही है उसकी आलोचना में भी रामदेव ने कोई कसर बाकी नहीं रखी। अभी भी कई जगह सार्वजनिक मंचों से वे यह कहते नजर आते हैं कि वैक्सीन लगवाने के बाद तमाम लोग गंभीर बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। यानी एक ओर तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित पूरी भारत सरकार ने देश के लोगों को कोरोना वैक्सीन लगवाने हेतु प्रोत्साहित किया जबकि ठीक इसके विपरीत रामदेव लोगों को वैक्सीन लगवाने के प्रति हतोत्साहित करते रहे। सवाल यह है कि उनमें इतना साहस आता कहाँ से है ?

दरअसल रामदेव ने योग व इसके टी वी प्रचार के माध्यम से पहले तो स्वयं को प्रसिद्धि दिलाई। उसके बाद जब योग के बहाने राष्ट्रीय स्तर पर उनके समर्थकों की संख्या बढ़ने लगी तो नेता उनकी ओर स्वयं आकर्षित होने लगे। क्योंकि स्वभाविक है नेताओं को वह व्यक्ति बहुत भाता है जिसमें भीड़ को आकर्षित करने की क्षमता हो। इसी का लाभ उठाकर रामदेव ने अपने पतञ्जलि परिसर में नरेंद्र मोदी से लेकर बड़े से बड़े नेताओं मंत्रियों व मुख्यमंत्रियों को किसी न किसी आयोजन के बहाने आमंत्रित किया। यहाँ तक कि कोरोनकाल में तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन के हाथों कोरोना की अपनी दवाई कोरोनिल का भी उद्घाटन करा दिया जिसे लेकर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने दवा की विश्वसनीयता को खुली चुनौती दी। रामदेव अनेक मुख्यमंत्रियों व केंद्रीय नेताओं से सम्बन्ध बनाकर विभिन्न राज्यों में अपने उद्योग के विस्तार हेतु जमीनें भी ले चुके हैं। वह रामदेव ही थे जिन्होंने पहले तो 2012 में ट्वीट किया कि अगर कालाधन वापस आ गया तो पेट्रोल 30 रुपये प्रति लीटर मिलेगा परन्तु जब तेल की कीमतें 100 रुपए से ऊपर चली गयीं तो बड़ी ही चतुराई से उन्होंने वो ट्वीट डिलीट कर कर डाला। बाबा रामदेव 2014 से पहले लोगों से पूछा करते थे कि 'आप लोगों को कौन सी सरकार चाहिए? 40 रुपए पेट्रोल वाली सरकार या 300 रुपए वाली सरकार? नरेंद्र मोदी की सरकार बनाओ, 40-45 रुपए लीटर पेट्रोल और 30-35 रुपए लीटर डीजल मिलेगा। यही नहीं गैस की कीमत भी 400 रुपए कर देंगे। रामदेव 20 करोड़ युवाओं को रोजगार दिलाने का वादा भी करते फिरते थे। इसी सम्बन्ध में करनाल में जब एक पत्रकार ने रामदेव से पेट्रोल की कीमतों संबंधी उनके पुराने बयान के बारे में पूछा तो रामदेव उसपर आग बबूला हो गए। रामदेव ने पहले तो उसे चुप हो जाने को कहा। फिर कहा कि -हाँ मैंने कहा था। क्या पूंछ उखाड़ लेगा मेरी ? तुम्हारे प्रश्नों के उत्तर देने का कोई ठेका ले रखा है मैंने? कर ले क्या कर लेगा। चुप हो जा। आगे कुछ पूछेगा तो ठीक नहीं।' इसी तरह कुछ समय पूर्व बाबा रामदेव ने ओबीसी समुदाय पर आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुये कहा कि मेरा मूल गोत्र है ब्राह्मण गोत्र, और मैं अग्निहोत्री ब्राह्मण हूं। ओबीसी वाले ऐसी तैसी करायें। परन्तु जब उनसे इस बारे में पूछा गया तो बाबा रामदेव साफ मुकर गये और कहा कि मैंने कभी ओबीसी पर कोई बयान नहीं दिया बल्कि मैंने तो ओवैसी कहा था क्योंकि उनके पूर्वज हमेशा राष्ट्रविरोधी रहे हैं। अपनी ही कही बात से साफ मुकरने और इसतरह घुमाने की कला कम ही लोगों को आती है। कहना गलत नहीं होगा कि बाबा रामदेव केवल चतुर ही नहीं बल्कि शातिर भी हैं।

(यह लेखिका के अपने विचार हैं)

## संपादकीय

# जरूरी है युद्ध विराम

रमजान के महीने में भी गाजा में नरसंहार जारी है। इस अमानवीय घटनाक्रम से चिंतित होकर अंततः संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने 25 मार्च को एक प्रस्ताव पारित करके गाजा में युद्ध विराम रोकने की मांग की है। प्रस्ताव में सभी बंधकों की बिना शर्त रिहाई और गाजा के युद्ध क्षेत्र में तत्काल राहत सामग्री भेजने का भी उल्लेख है। सात अक्टूबर, 2023 को हमास ने इजराइल पर हमला किया था, उसके बाद से ही इजराइल बदले की कार्रवाई करते हुए गाजा में हजारों निर्दोष लोगों को मौत के घाट उतार चुका है। इस छह महीनों के दौरान विश्व मंचों से युद्ध विराम की मांग की गई लेकिन यह पहला अवसर है जब सुरक्षा परिषद युद्ध विराम का प्रस्ताव पारित करने में सफल हो पाई। यह भी इसलिए संभव हो पाया कि अमेरिका मतदान से अनुपस्थित रहा। इससे पहले वह तीन बार युद्ध विराम के प्रस्ताव पर वीटो लगा चुका था। इजराइल अमेरिका के इस बदलते रुख से स्तब्ध है। उसने अमेरिका पर यह आरोप लगाया है कि उसने अपने सदाबहार मित्र का साथ छोड़ दिया है। प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने वार्ता के लिए अपने प्रतिनिधिमंडल को अमेरिका जाने पर रोक लगा दी है। इससे यह संकेत मिलता है कि अमेरिका और इजराइल के संबंधों में मतभेद की दीवार खड़ी हो गई है। हालांकि अमेरिका ने अपनी सफाई में कहा है कि हमास को लेकर हमारी नीति में कोई बदलाव नहीं हुआ है, और सुरक्षा परिषद का यह प्रस्ताव गैर-बाध्यकारी है। अमेरिका चाहे जो कहे, अब इसका कोई असर इजराइल पर नहीं पड़ने वाला है। वास्तव में अमेरिका फिलिस्तीन और इजराइल के बीच जारी युद्ध को लेकर कोई स्पष्ट नीति नहीं बना पा रहा है। एक ओर वह हमास को तबाह करने के लिए इजराइल को सैनिक मदद मुहैया करा रहा है, और दूसरी ओर गाजा में हजारों नागरिकों के मारे जाने पर घड़ियाली आसूं भी बहा रहा है। इस समूचे घटनाक्रम का सबसे दुखद पहलू यह है कि हमास और इजराइल दोनों युद्ध विराम को लेकर अड़ियल रुख अपनाए हुए हैं। सुरक्षा परिषद द्वारा पारित युद्ध विराम का यह प्रस्ताव दोनों पक्षों ने खारिज कर दिया है। इजराइल इस प्रस्ताव को विभेदकारी बता रहा है, और हमास को यह भरोसा नहीं है कि इजराइल ईमानदारी से युद्ध विराम को लागू करेगा। इसमें संदेह नहीं है कि गाजा में जारी नरसंहार के कारण इजराइल दुनिया से अगल-थलग पड़ता जा रहा है। इसलिए युद्धरत दोनों पक्षों को अपना अड़ियल रवैया छोड़कर युद्ध विराम के लिए राजी हो जाना चाहिए।

## चिंतन-मनन

# मृत्यु का अर्थ


मृत्यु एक शात सत्य है। यह अनुभूति प्रत्यक्ष प्रमाणित है, फिर भी इसके संबंध में कोई दर्शन नहीं है। अब तक जितने ऋषि-महर्षि या संत-महंत हुए हैं, उन्होंने जीवन दर्शन की चर्चा की है। जीवन के बारे में ऐसी अनेक दृष्टियां उपलब्ध हैं जिनसे जीवन को सही रूप में समझा जा सकता है और जिया जा सकता है। किंतु मृत्युक को एक अवश्यंभावी घटना मात्र मानकर उपेक्षित कर दिया गया। मृत्यु के पीछ भी कोई दर्शन है, इस रहस्य को अधिक लोग पकड़ ही नहीं पाए। यही कारण है कि जीवन दर्शन की भांति मृत्यु दर्शन जीवन में उपयोगी नहीं बन सका।

जैन दर्शन एक ऐसा दर्शन है जिसने जीवन को जितना महत्व दिया, उतना ही महत्व मृत्यु को दिया। बशत्रे कि वह कलात्मक हो। कलात्मक जीवन जीने वाला व्यक्ति जीवन की सब विसंगतियों के मध्य जीता हुआ भी उसका सार तत्व खींच लेता है। इसी प्रकार मृत्यु की कला समझने वाला व्यक्ति भी मृत्यु से भयभीत न होकर उसे चुनौती देता है। जैन दर्शन में इसका सवार्गीण विवेचन उपलब्ध है।

मृत्यु का अर्थ है- आयुष्य प्राण चुक जाने पर जीव का स्थूल शरीर से वियोग।इसके कई प्रकार हैं। उन सबका संक्षिप्त वर्गीकरण किया जाए तो मृत्यु के दो प्रकार होते हैं- बाल मरण और पंडित मरण. असंयम और असमाधिमय मरण बाल मरण है। अकाल मृत्यु, आत्महत्या, अज्ञान मरण आदि सभी प्रकार के मरण बाल मरण में अंतर्निहित हैं। संयम और समाधिमय मृत्यु पंडित मरण है। जीवन के अंतिम क्षणों में भी संयम और समाधि का स्पर्श हो जाए तो वह मरण पंडित मरण की गणना में आ जाता है। कुछ व्यक्ति मौत के नाम से ही घबराते हैं।

वे जीवन को महत्व देते हैं। अपना-अपना चिंतन है। मुझे इस संबंध में अपने विचार देने हों तो मैं मृत्यु को वरीयता दूंगा। क्योंकि जीवन की सार्थकता भी मृत्यु पर ही निर्भर करती है। किसी व्यक्ति ने तपस्या की है और जागरुकता के साथ धर्म की आराधना की है, तो उसका फल समाधिमय मृत्यु ही है।

# सियासत के झटके या झटके की सियासत ?



राकेश अचल

फिहम जैसे रोजाना लिखने वाले लेखकों के लिए मुश्किल ये है कि हमें देश में उनके सामने सियासत के अलावा कुछ भी नया नहीं होता दिखाई देता । नया होता भी होगा तो सियासत का चेहरा इतना बड़ा है कि वो सबको अपने मायामंडल से छिपा लेती है। कल मैंने आपको राजनीतिक दलों की लिस्टों के बाबद बताया था । आज मेरी कोशिश है कि मै आपको सियासत में लगने वाले झटकों या झटके वाली सियासत से रूबरू कराऊँ। मानसिक कसरत आपको भी करना होगी।

चुनावी मौसम में जब लिस्टें बनतीं हैं तब किसी को टिकट मिलता है ,किसी का कटता है। टिकट वितरण की पूरी प्रक्रिया ही झटका आधारित होती है । सियासत का काम ही झटके का दिया जलाकर रखने का है । बात बिहार से करें तो वहां राजद ने बेचारे पप्पू यादव को झटका दे दिय। उनकी पारम्परिक सीट से राजद के पुराने सुप्रीमो लालू यादव की बेटी को टिकट दे दिया गय। बेचारे पप्पू भाजपा से छिटककर राजद के करीब आये थे की बात बन जाये लेकिन नहीं बनी ,उलटे झटका और लग गया।

आपको पता ही है कि भाजपा भी अपने एक युवा तुर्क वरुण गांधी को टिकट न देकर झटका दे चुकी है । वरुण गांधी के बागी होने की आशंका थी लेकिन वे बागी नहीं हुए । खामोशी से अपनी माँ श्रीमती मेनका गांधी का चुनाव प्रचार करने में लग गए । वरुण को जोर का झटका जोर से ही लगा । धीरे से लगता तो और बात थी। लगता है कि भाजपा ने वरुण की राजनीतिक नसबंदी कर दी है। वरुण न खुलकर रो पाए और न अपनी बदनसीबी पर हंस पाए। ऐसे नौजवानों के प्रति मेरी सहानुभूति हमेशा रही है ,भले ही वे किसी भी दल के कार्यकर्ता हों।

सियासत में झटका और हलाल का चलन बहुत पुराना नहीं है। कांग्रेस चाहकर भी झटका राजनीति में दक्षता हासिल नहीं कर पाई है। आम जनता को उम्मीद थी की कांग्रेस अपने बिभीषण केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के खिलाफ कोई मजबूत प्रत्याशी देगी,लेकिन खोदा पहाड़ और निकली चुहिया।

समाजवादी पार्टी को भी आजम खान साहब के गढ़ रामपुर से अंतिम मौके पर उम्मीदवार बदलना पडा। जामा मस्जिद के शाही इमाम को ऐन मौके पर प्रत्याशी बनाया गया इसलिए चुनाव चिन्ह तक चार्टेड प्लेन से भेजना पड़ा । सपा के इस फैसले से निवर्तमान सांसद हैं साहब को झटका लगना स्वाभाविक है। लेकिन रामपुर नरेश आजम खान साहब नहीं चाहते थे कि उनकी सल्तनत में पार्टी उनकी मर्जी के खिलाफ किसी को अपना प्रत्याशी बनाये ,कहते हैं कि आजम साहब ठीक उसी तरह से जेल से सियासत कर रहे हैं जैसे अरविंद केजरीवाल जेल से दिल्ली की सल्तनत सम्हाले हुए हैं।

झटके देने में भाजपा दूसरे दलों से सबसे आगे चल रही है । भाजपा की अब तक सात सूचियां आ चुकी हैं और 407 प्रत्याशियों के नाम घोषित हो चुके हैं। भाजपा की सूचियां हर बार किसी न किसी को झटका देतीं हैं । भाजपा ने जब मंडी सीट से अभिनेत्री कंगना रानौत को अपना प्रत्याशी बनाया तो पता नहीं कितनों को झटका लगा। सियासत में झटका देने की शुरूवात 1985 में कांग्रेस ने की थी । कांग्रेस ने उस दौर में सबसे बड़ा झटका ग्वालियर से चुनाव लड़ रहे भाजपा के अटल बिहारी बाजपेयी को दिया था । कांग्रेस ने ऐन मौके पर पंडित जी के सामने सिंधिया घराने के प्रमुख माधवराव सिंधिया को उतार दिया था। कांग्रेस ने तब आज के शहंशाह अमिताभ बच्चन को भी ठीक उसी तरह मैदान में उतारा था जैसे इस चुनाव में भाजपा कंगना को लेकर आयी है।


झटके देने के तरिके में भी तब्दीली आ रही है । पहले टिकट काटकर या देकर झटके दिए जाते थे,अब पार्टियां स्टार प्रचारकों की सूची में नाम शामिलकर या नाम काटकर झटका देतीं है। मिसाल के तौर पर हरियाणा से भाजपा नेता कुलदीप बिश्नोई को पार्टी ने 3 दिन में दूसरा झटका दिया है। राजस्थान में लोकसभा चुनाव के प्रचार के लिए जारी स्टार प्रचारकों की लिस्ट में उनका नाम गायब है। इस लिस्ट में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, रोहतक स्थित बाबा मस्तनाथ मठ के महंत एवं राजस्थान से विधायक बाबा बालकनाथ और केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर का नाम शामिल है।भाजपा की स्टार प्रचारकों की सूची में मोदी जी के हनुमान अमित शाह का नंबर चौथा है। उनसे ऊपर राजनाथ सिंह ,जेपी नड्डा और माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी खुद हैं।

झटका देने में केंचुआ भी पीछे नहीं है । केंचुआ ने हाल ही में बंगाली नेता सुश्री ममता बनर्जी पर टिप्पणी करने वाले भाजपा सांसद दिलीप घोष और कंगना रानौत पर टिप्पणी करने वाली कांग्रेस की प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत को नोटिस देकर झटकाने की कोशिश की है। केंचुआ ने सबसे पहले यानि चुनावों की घोषणा से भी कांग्रेस के प्रमुख नेता राहुल गांधी को भी एक एडवाइजरी जारी कर झटका देने की कोशिश की थी,लेकिन राहुल ठहरे झटकाप्रूफ नेता। दरअसल राहुल गांधी पिछले एक दशक में इतने झटके खा चुके हैं कि उनके ऊपर झटकों का असर होना ही बंद हो गया है । सियासत में ये झटकेबाजी कब तक चलने वाली है ये कोई नहीं जानता। इसलिए आप भी तेल देखिये और तेल की धार देखिये।

# मुद्दा : महिलाओं में जागरूकता



कमलेश जैन



पिछले 30-35 वर्षो में जैसे-जैसे स्त्रियों में जागरूकता आई है, नये कानूनों के प्रति वैसे-वैसे उनके अंदर सदियों से दबे-कुचले होने, दोयम दर्जे की नागरिक होने का अहसास गहराया है। पहले वे इसे अपनी नियति मानती थीं, पर अब अधिकार। यह अधिकार खासकर शहरी, शिक्षित स्त्रियों ने समझा है। वे इस अधिकार को अब छीन कर, दूसरे पक्ष को कुचल कर, नेस्तनाबूद करना चाहती हैं। एक हिंसक प्रवृत्ति उनमें जाग गई है। यह घातक है समाज-देश के प्रति। वे जगें अच्छा है, अपना अधिकार भी पाएं पर दूसरे पक्ष को नष्ट करके यह अच्छा नहीं है। इसमें वे खुद भी कहीं की नहीं रहतीं। उनका भी परिवार नष्ट होता है। बच्चे तितर-बितर हो जाते हैं।

एक और बात भी है। वे ऐसा इसलिए करती हैं कि अकेली भी रहें तो तगड़ी एलिमनी या मेंटेनेंस लेकर, बिना काम किए अच्छा जीवन गुजार सकें। इस पूरे काम में उनके माता-पिता, भाई-बहन भी शामिल हो जाते हैं। वे उन्हें लड़ने-झगड़ने, अलग होने, बच्चा लेकर मायके बैठ जाने को प्रेरित करते हैं। ऐसे में उन्हें सास-ससुर, देवर-ननद के लिए कुछ भी करना शुरू से बोझ लगता है। ससुराल जाते ही उनकी रट लग जाती है अलग रहो, मां-बाप को छोड़ो, मेरे घर के पास रहो या वहीं रहो। मेरे मां-बाप की वैसी सेवा करो जैसे अपने मां-बाप की करते हो। वे भी तुम्हारे मां-बाप ही हैं आदि-आदि। आज असंतुष्ट जोड़े लाखों में हैं।

शुरू-शुरू में लड़की ससुराल वालों पर दहेज का, भरण-पोषण के अधिकार का, घरेलू हिंसा का, तलाक का अलग-अलग मुकदमा, चार अलग-अलग राज्यों में करती तो विभिन्न तारीखों पर पति हमेशा इस राज्य से उस राज्य, नौकरी छोड़ भागते रहने को मजबूर हो जाता। माता-पिता को दुखी देखते, 498ए आईपीसी में पूरे परिवार को, नाते-रिश्तेदारों को जेल जाते देख हताशा में वह आत्महत्या भी कर लेता था। पति बचाओ आंदोलन दूर-दूर तक फैलने लगे। वे खुले में अपना ऑफिस भी नहीं चला पाते थे। यह उनके लिए शर्म भरी बात थी कि पत्नी से पीड़ित हैं। ऐसे वकील भी शमार्ते थे, यहां तक कि न्यायालय पूरी तरह से वधुओं के पक्षधर लगते थे।

धीरे-धीरे अदालतों की भी आंखें खुलने लगी हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने कई मामलों में देखा है कि स्त्रियों ने एक ही केस के 4-5 टुकड़े कर देश के 4-5 भागों में जाकर एक-एक केस करना शुरू किया है। पति चारों तरफ भागता हुआ, अपनी नौकरी, मानसिक शांति खोकर, परिवार को दुखी कर, हताश हो, 15-20 वर्षो में लुटा-पिटा सारी शर्ते मान नष्ट हो जाता है। अब सर्वोच्च न्यायालय कहता है छह वर्ष होते-होते सर्वोच्च न्यायालय आओ और एलिमनी तलाक यहीं पाकर सारे झंझटों से मुक्ति पाओ। पर हैरानी की बात है कि वह ऐसा नहीं कह रहा कि एक ही मुकदमे में सारी बातें एक जगह कह कर सारे झगड़ों से मुक्त हो जाओ।

हाल का सर्वे कहता है-पिछले तीन सालों में देश भर में कार्यरत परिवार अदालतों में सवा तीन लाख से अधिक मुकदमे हुए हैं। यह खुलासा केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्रालय के आंकड़ों से हुआ है। इसकी वजह पति-पत्नी के बीच अहं (इगो) बताया जाता है। हम इसी बात से संतोष किए जा रहे हैं कि विवाद बढ़े तो पर सबसे कम तलाक भारत में होते हैं। देश भर में 812 परिवार अदालत कार्यरत हैं जहां 11 लाख से अधिक मामले लंबित हैं। परिवार मामलों में विभिन्न तरीकों के केस का अर्थ है-घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, तलाक, बच्चों की कस्टडी, दांपत्य अधिकारों की पुनर्स्थापना, किसी भी व्यक्ति की वैवाहिक स्थिति की घोषणा, वैवाहिक संपत्ति का मामला, गुजारा भत्ता, पति-पत्नी में विवाद पर बच्चों से मिलने का अधिकार, बच्चों का संरक्षक होने का मामला आदि।

बीते तीन वर्षो में दाखिल घरेलू विवाद हैं-2021 में 4,97,447; 2022 में 7,27,587; 2023 में 8,25,502। बीते तीन वर्षो में निपटाए गए विवाद-2021 में 5,31,506; 2022 में 7,44,700 और 2023 में 8,27,000। ऐसा होने का मुख्य कारण है लड़कियों का ऐसे घर में विवाह करना जहां इकलौता लड़का हो, अमीर हो, अच्छी जॉब में हो, माता-पिता वृद्ध हों। ऐसे घर में विवाह करने के बाद लड़की के माता-पिता लड़की को ट्रेनिंग देते हैं-छोटी-छोटी बात पर किच-किच करो, अलग होने की जिद करो, चार-पांच केस करो, जहां जाओ वहां एक केस अलग-अलग राज्य में, हो सके तो एक बच्चा पैदा करो, प्रेग्नेंट होते ही मायके चली आओ, आते ही बच्चे और अपना मासिक भत्ता मांगो, हम साथ हैं। जो लड़की बचपन से मायके में है, उसे वहां का परिवेश जाना-पहचाना लगता है, मोटे माल, संपत्ति की आशा में अब उसे वीआईपी ट्रीटमेंट दिया जाता है मायके में। पर वह लड़की अपना भविष्य, अपने बच्चे का भविष्य नहीं सोचती। आसान जिंदगी की आशा में एक वीरान जिंदगी उसका आसरा देखती होती है। ऐसे में लड़कियां सोचें, सावधानी से आगे बढ़ें, केस करना है तो आपसी सहमति से तलाक लें, और जल्द अलग हो जाएं।

# कहा- कांग्रेस, बसपा और सपा सरकार में कावड़ यात्रा नहीं निकलती थी, डीजे की धुन पर निकलती है





**अमरोहा।** प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को अमरोहा पहुंचे। जहां उन्होंने नेशनल हाइवे 9 के किनारे स्थित श्री वेंकटेश्वरा यूनिवर्सिटी के प्रांगण में प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन में हिस्सा लिया। प्रबुद्ध सम्मेलन में डॉक्टर , इंजीनियर, कन्या गुरुकुल महाविद्यालय चोटीपुरा की छात्राएं समेत तमाम भाजपा नेता, पढ़धिकारी भारी संख्या में मौजूद रहे। प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि आज देश में दंगा नही होता। पहले की सरकारें कावड़ यात्रा नहीं निकालने देती थी। लेकिन आज डीजे की धुन पर कांवड़ यात्रा निकलती है। देश में मोदी की गारंटी है। सभी वर्गो के लोगों को सरकार की लाभकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। सीएम योगी ने अपने संबोधन में कहा कि आपको एक वोट की कीमत समझनी है, तो 2014 के पहले और आज का भारत देखिए। उन्होंने कहा-एक वोट आपके लिए कैसे पहचान का संकट खड़ा कर सकता है? कैसे आपकी किस्मत बदल सकता है? इसके लिए 2014 के पहले का भारत देखिए और 2014 के बाद का भारत देखिए। 2014 से पहले देश की सीमाएं असुरक्षित थी, भ्रष्टाचार था, अराजकता थी। लेकिन अब 2014 के बाद देश का विकास हुआ। एक्सप्रेस-वे बने। सीमाएं सुरक्षित हुईं। हाई-वे हो, रेलवे हो, एयर कनेक्टिविटी हो। सब उपलब्ध है। हाईटेक यूनिवर्सिटी बनी है। 2019 में यहां का सांसद भारत माता की जय-जयकार करने में संकोच करता था। यही होती है एक वोट की कीमत। आप उस समय वोट देने से चूक गए थे। लेकिन आपके एक वोट की वजह से आज 500 सालों का इंतजार खत्म हुआ और अयोध्या में राम मंदिर बना। साथ ही आगे कहा कि यह मोदी कि गारंटी है। देश के हर



गरीब तबके के लोगों को मुफ्त में राशन मिल रहा है। आयुष्मान कार्ड से हर गरीब का मुफ्त इलाज हो रहा है। इस मौके पर भाजपा लोकसभा प्रत्याशी चौधरी कंवर सिंह तंवर समेत तमाम भाजपाई और आरएलडी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बोले पादरी- यीशु मसीह ने पूरे जगत को प्रेम का संदेश दिया



**हसनपुर।** अमरोहा जनपद के हसनपुर नगर में स्थित सैंट जोन्स चर्च में द गुड फ्राइडे पर प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। प्रार्थना सभा में सैंट जोन्स चर्च के पादरी सुशील मसीह ने प्रभु यीशु के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि आज के दिन पूरी दुनिया में इस पर्व का बहुत महत्व है। क्योंकि यीशु मसीह ने अपने प्राण त्यागने से पहले सात वचन बोले थे। इतना अत्यधिक दुख भोगने के बाद भी उन्होंने पहले वचन में अपने शत्रुओं के लिए परमेश्वर से यह प्रार्थना की थी कि हे पिता इन्हें क्षमा कर क्योंकि यह नहीं जानते कि यह क्या कर रहे हैं ? और किसके साथ कर रहे हैं? सातवें वचन में उन्होंने कहा कि है पिता मैं अपने प्राण आपके हाथों में सौपता हूं। क्योंकि जिस मकसद से वह इस दुनिया में आए थे। उसको पूरा करके उन्हें वापस जाना था। उन्होंने संपूर्ण जगत को प्रेम का संदेश दिया। क्योंकि पवित्र शास्त्र का आधारभूत वचन यही है कि जैसा कि लिखा है परमेश्वर ने जगत से ऐसा प्रेम रखा की उसने अपना एकलौता पूरा दे दिया। ताकि जो कोई उस पर विश्वास करें नाश न हो ! परंतु अनंत जीवन पाए। इसलिए प्रभु यीशु मसीह को दया का सागर कहा जाता है। प्रार्थना सभा में ये लोग रहे उपस्थित इस मौके पर लोग बहुत-बहुत दूर से सलीबी मौत का शौक पर्व मनाने आए। प्रार्थना सभा में सुशील मसीह, डेबरा मसीह, शैनन मसीह, जितेंद्र कुमार, सुमित, अल्बर्ट मसीह, विशाल, पलक मसीह, श्वेता, महक, सुंदर जोजेफ, रवि, सुभाष, राजकुमार, रामनिवास, मनोज रहरा आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त डायरी

### सपा सांसद एसटी हसन का नामांकन खारिज



**मुरादाबाद।** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए मुरादाबाद सीट से समाजावादी पार्टी के टिकट पर रुचि वीरा ने नामांकन दाखिल किया. इसके साथ ही वर्तमान सपा सांसद डॉ एसटी हसन ने भी मुरादाबाद सीट से पर्चा दाखिल किया था जो अब निरस्त हो गया है. दरअसल आजम खान के दबाव में सांसद एसटी हसन के टिकट को काटकर अखिलेश यादव ने रुचि वीरा को सपा उम्मीदवार बना दिया है।

### दुनिया में भूखे पेट सो रहे 80 करोड़ से ज्यादा लोग



सालभर में हर व्यक्ति औसतन 79 किलो खाना बर्बाद कर देता है, दुनियाभर में सालाना 1 अरब टन से ज्यादा अनाज बर्बाद होता है, जबकि, दुनिया में अब भी करीब 80 करोड़ लोग भूखे ही सोते हैं. ये सारी जानकारी संयुक्त राष्ट्र की 'फूड वेस्ट इंडेक्स रिपोर्ट 2024' में सामने आई है. इसमें 2022 के आंकड़े लिए गए हैं. इसमें बताया गया है कि 2022 में दुनियाभर में सालभर में 1.05 अरब टन अनाज बर्बाद हो गया था

### भारत में 83% बेरोजगार हैं युवा




**बरेली।** दिल्ली इंटरनेशनल लेबर ऑर्गनाइजेशन(ILO) और इंस्टिट्यूट फॉर ह्यूमन डेवलपमेंट (IHD) ने आज साझा रूप से एक आकंड़े जारी किए जिसमें भारत की एम्प्लॉयमेंट रिपोर्ट 2024 भी जारी की गई। इस रिपोर्ट के अनुसार, साल 2022 में, भारत की कुल बेरोजगार आबादी का 83% थी। जानकारी दे दें कि चीफ इकोनॉमिक एडवाइजर (सीईए) वी अनंत नागेश्वरन ने मंगलवार को रिपोर्ट जारी की।

### जुमे की नमाज को देखते हुए फोर्स ने किया पैदल मार्च, धार्मिक स्थलों के आसपास बढ़ाई गई सुरक्षा




**बरेली।** मुख्तार अंसारी की मौत के बाद यूपी के बरेली में भी अलर्ट जारी किया गया है। जुमे की नमाज को देखते हुए सभी मिश्रित इलाकों में पुलिस फोर्स अर्धसैनिक बल के जवान तैनात किए गए हैं। डीएम रविंद्र कुमार और SSP घुले सुशील चंद्रभान शहर में अलग-अलग स्थान पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं। शहर में एसपी सिटी राहुल भाटी मार्च कर रहे हैं, देहात में एसपी देहात मुकेश चंद्र मिश्रा और एसपी दक्षिण मानुष पारीक फोर्स के साथ मौजूद हैं। इस्मालिया रोड पर फोर्स बढ़ाई इस्लामिया मैदान और इस्लामिया रोड पर अलग-अलग स्थान पर बैरिकेड लगाए गए हैं। दरगाह आला हजरत की तरफ पुलिस की ड्यूटी लगाई गई है। रोड पर पैरामिलिट्री के जवानों के साथ अधिकारी पैदल मार्च कर रहे हैं। बिहारीपुर पुलिस चौकी के आसपास भी फोर्स बढ़ा दी गई है। जुमे की नमाज को देखते हुए किला क्षेत्र में सीओ संदीप सिंह और इंस्पेक्टर किला हरेंद्र सिंह फोर्स के साथ पैदल मार्च कर रहे हैं। जहां पुलिस सोशल मीडिया पर भी नजर रखे हुए है।

### दिन में हल्की धूप खिली, अगले 2 दिनों में तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी की संभावना



**बरेली।** बरेली में मौसम में बदलाव की आशंका है। जहां तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी की संभावना जताई जा रही है। आज सुबह से आसमान में कभी हल्की धूप है तो कभी बादल छाए रहेंगे। सुबह के समय न्यूनतम तापमान 17 डिग्री दर्ज किया। जबकि दिन में अधिकतम तापमान 3 डिग्री रहने का पूर्व अनुमान है। पिछले 2 दिन में तापमान में 2 डिग्री की बढ़ोत्तरी हुई है। आज रात में बूंदाबांदी की संभावना मौसम विभाग के अनुसार आज 29 मार्च को हल्की बारिश की संभावना जताई है। मंडल के बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर और बदायूं जिलों में 29 व 30 मार्च को बारिश का मौसम रहने का अनुमान जताया गया है। वही तेज हवाएं भी चलने का अनुमान मौसम विभाग ने जताया है। इसी सप्ताह अधिकतम तापमान में भी बढ़ोत्तरी होनी बताई जा रही है। आज न्यूनतम तापमान 33 डिग्री रहेगा, जबकि इसी वीक में यह बढ़कर 35 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंचना बताया जा रहा है। रात के तापमान में भी बढ़ोत्तरी होने लगी है। वहीं इस समय गेहूं व सरसों की फसल सबसे ज्यादा प्रभावित होगी। सरसों की फसल की कटाई चल रही है, वहीं गेहूं की फसल पकने को है। लगातार बारिश से बदल रहा मौसम बरेली समेत आसपास के जिलों और वेस्ट यूपी में लगातार मौसम बदल रहा है। 31 जनवरी और एक फरवरी को भी बारिश से मौसम बदला था। 5 और 6 फरवरी को दूसरी बार बारिश हुई। 19 फरवरी की राज को फिर बारिश हुई। जिसके बाद मौसम चेंज हुआ। 1 मार्च की रात को बूंदाबांदी हुई। 2 मार्च को भी मौसम बारिश का रहा। 3 मार्च को भी बरेली में बारिश हुई। इस बारिश से सरसों व गेहूं की फसलें प्रभावित हुई हैं। अब 29 व 30 मार्च को बारिश की संभावना जताई गई है।

## पुलिस ने दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा, किसी की ओर से कोई भी तहरीर नहीं




**आंवला।** जनपद बरेली के आंवला क्षेत्र में दो प्रेमी युगल को लगा कि वह साथ जी नहीं सकते तो उन्होंने एक साथ ट्रेन के आगे कूद कर जान दे दी।घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने इसकी जानकारी परिवार को दी जब इसका पता परिवार को चला तो कोहराम मच गया।पुलिस ने दोनों ही शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।फिलहाल दोनों के परिवारों ने इस बारे में कुछ भी बताने से मना कर दिया है। थाना आंवला क्षेत्र के गांव बारीखेड़ा निवासी डोरी लाल के 22 वर्षीय बेटे सूरज का उसकी ही रिश्तेदार 20 वर्षीय छात्रा छाया पुत्री नन्हे निवासी कसूमरा से प्रेम प्रसंग चल रहा था।सूरज की चचेरी बहन का विवाह छाया के चचेरे भाई से हुआ तब से सूरज का छाया के घर आना जाना था।करीब 2 महीने पहले सूरज के परिवार ने उसकी शादी तय कर दी थी। दोनों को लगा कि वह इस जन्म में साथ नहीं रह सकेंगे इसलिए दोनों ने आत्महत्या करने का फैसला कर लिया। शाम सूरज की छाया से बात हुई उसके बाद दोनों अपने घर से निकल गए।करीब रात्रि 11:00 बजे के समय दोनों ने अपने-अपने गांव से 3 किलोमीटर दूर रेवती रेलवे स्टेशन से करीब 1 किलोमीटर आगे पहुंच कर ट्रेन के आगे कूद कर जान दे दी।दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। जब लोगों को इसका पता चला तो इसकी सूचना पुलिस को दी।पुलिस ने वहां पहुंचकर देखा और शव की पहचान सूरज और छाया के रूप में की, और इसकी जानकारी परिवार वालों को दी।जब दोनों ही परिवार को इसका पता चला तो कोहराम मच गया। किसी ने इस बारे में बिलकुल सोचा नहीं था। परिजनों ने किया कुछ भी बताने से इन्कार परिवार से इस बारे में जानकारी लेने का प्रयास किया गया।

परंतु दोनों ने ही कुछ भी बताने से इन्कार कर दिया।बस केवल इतना ही बताया कि दोनों का प्रेम प्रसंग था। शादी को लेकर कभी किसी से कोई चर्चा नहीं हुई। इंस्पेक्टर आंवला वीरेश कुमार ने बताया मृतक दोनों प्रेमी युगल के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। किसी की ओर से कोई भी तहरीर नहीं आई है।

# इंडिया गठबंधन कार्यकर्ता सम्मेलन में उमड़ा जनसैलाब





**नूरपुर।** नगीना लोकसभा क्षेत्र की नूरपुर विधानसभा क्षेत्र के बिजनौर रोड नूरपुर स्थित भारत मेरिज गार्डन में इंडिया गठबंधन कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगीना लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन प्रत्याशी पूर्व जज मनोज कुमार रहे ।कार्यक्रम मे पहुंचने पर सर्वप्रथम पूर्व जज मनोज कुमार का समस्त कार्यकताओं द्वारा फूल मालाएं डालकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम मे वक्ताओं ने इंडिया गठबंधन प्रत्याशी पूर्व जज मनोज कुमार के लिए अपने विचार रखें। कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेस जिला अध्यक्ष शेरबाज पठान ने पुलवामा हमले का जिक्र करते हुए कहा कि उस हमले की जांच अभी तक नहीं हुई है और सरकार को उसकी जांच करानी चाहिए क्योंकि उसमें हमारे देश के जवान मारे गए थे लेकिन वर्तमान सरकार उस पर कोई ध्यान नहीं दे रही है वर्तमान सरकार विपक्ष पर ईडी सीबीआई की जांच कराकर विपक्ष का मुंह बंद करने का काम कर रही है। लेकिन यह इंडिया गठबंधन एक महागठबंधन है और यह 2024 में नया इतिहास रचने जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगीना लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी पूर्व जज मनोज कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान समय में संविधान खतरे में संविधान को खत्म करने का काम चल रहा है अब वह समय है जहा जवान और किसान आमने-सामने खड़े हुए है। साहूकारों की सरकार चल रही है इसलिए वक्त आ गया है वर्तमान सरकार में पढ़ा लिखा नौजवान बेरोजगार घूम रहा है और उन्होंने कहा कि वक्त आ गया है इंडिया गठबंधन के हाथों को मजबूत करने का क्योंकि यह गठबंधन कोई मामूली गठबंधन नहीं है इसलिए आने वाली 19 अप्रैल को इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को वोट देकर कामयाब करें और इंडिया गठबंधन के हाथों को मजबूत करें कार्यक्रम में पूर्व सांसद इंजीनियर यशवीर धोवी, नूरपुर विधानसभा विधायक रामातार सैनी, पूर्व विधायक नईम उल हसन, पूर्व सांसद ओमवती देवी, पूर्व आईएएस आरके सिंह, कांग्रेस जिला अध्यक्ष शेरबाज पठान, वाजिद मंसूरी नगर अध्यक्ष, रब्बानी अंसारी नगर उपाध्यक्ष, केशव शर्मा, ओंमकार सिंह सैनी, वसीम अहमद, इरशाद अहमद, शाहनवाज आलम, जावेद आसी, फैजान मंसूरी ,महबूब अली, सोनू यादव ,शमीम अहमद, मोहम्मद आबाद ,नासिर मंसूरी, मोहम्मद इमरान ,शमीम अहमद, नसीम अहमद, आजाद अंसारी, धर्मपाल सिंह, प्रेम सिंह सैनी, सलीम अंसारी, कुन्तेश सैनी, सलीम अंसारी, सुहेल अंसारी, शिवकुमार यादव, महावीर सिंह यादव, लोकेश भारद्वाज, सुरेश प्रजापति, हबीब अहमद, शौकत अली, वकील अहमद, जावेद ,सतपाल सिंह ,जावेद अख्तर ,एडवोकेट शमशाद सैफी, मोहम्मद जैद,वी के कश्यप,एव इंडिया गठबंधन कार्यकर्ता पदाधिकारी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सपा जिला अध्यक्ष अनिल यादव ने की।

## आदर्श आचार संहिता उल्लंघन की पोस्ट पर ग्रुप एडमिन पर होगी कार्रवाई

**बरेली।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में आदर्श आचार संहिता का पालन कराने की दृष्टि से प्रशासन सतर्क है। सोशल मीडिया प्लेटफार्मस पर सतत निगरानी रखी जा रही है। उक्त की दृष्टि से सभी ग्रुप एडमिन को आदर्श आचार संहिता का अनुपालन करने के निर्देश दिये गये हैं कि यदि किसी भी ग्रुप पर भ्रामक, भड़काऊ या आदर्श आचार संहिता उल्लघंन से सम्बंधित पोस्ट प्रसारित होती है तो सम्बंधित एडमिन के विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी। किसी भी ग्रुप पर नियमों के उल्लंघन से संबंधित




पोस्ट प्रसारित नहीं होनी चाहिए। सभी को सलाह दी जाती है कि वे या तो ग्रुप के सदस्यों को नियमों की जानकारी दें, अन्यथा अपने ग्रुप को ओनली एडमिन पर कर लें। यदि ऐसा नहीं किया जाता है और नियम उल्लंघन से संबंधित पोस्ट प्रसारित होती है तो सीधे एडमिन पर आचार संहिता के उल्लंघन का मामला दर्ज होगा। उक्त निर्देश वाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम, ट्विटर (एक्स) और टेलीग्राम आदि समस्त सोशल मीडिया अकाउंट पर समान रुप से लागू होगें। विशेषकर वाट्सएप ग्रुप के एडमिन को सतर्क किया जाता कि वे आदर्श आचार संहिता का स्वयं पालन करें और ग्रुप के सदस्यों से भी करवायें। इंटरनेट मीडिया पर सक्रिय सभी ग्रुपों पर पुलिस कंट्रोल रूम से भी नजर रखी जा रही है। सभी ग्रुप एडमिन का नाम, पता और मोबाइल नंबर सुरक्षित कर लिया गया है। पुलिस की एक टीम चौबीस घंटे इंटरनेट मीडिया पर नजर रख रही है।

## मतदाताओं से शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित किया, दिये आवश्यक दिशा निर्देश

**आंवला।** बरेली के डीएम रविंद्र कुमार और एस एसपी घुले सुशील चन्द्रभान गुरुवार को आंवला पहुंचे। उन्होंने जीजीआईसी कालेज, दिनेश तिवारी इंटर कॉलेज, रैन बसेरा, मनोना में मतदान केंद्रों का निरीक्षण करने के बाद भरतजी सरस्वती इंटर कॉलेज पहुंचे। यहां कार्यक्रम में कई स्कूलों के छात्र छात्राओं ने मतदान के प्रति कविता, स्पीच और नाट्य कार्यक्रम के द्वारा जागरूक किया और रंगोली के माध्यम से भी जागरूक किया। इसके बाद थाना सिरौली क्षेत्र के गांव गुरगांव पहुंचे इस दौरान उनके साथ एस एस पी बरेली घुले सुशील चंद्रभान भी साथ में रहे। डीएम बरेली ने मतदाताओं से अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने के लिए कहा। इस दौरान उन्होंने खुले शब्दों में बीएलओ से कहा कि जो मतदाता लंबे समय से गांव में नहीं रह रहे हैं उनके वोट काटे जाएं शत प्रतिशत मतदान करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि मतदाता निश्चित और निडर होकर मतदान करें। अपने मत का प्रयोग अवश्य



करें। इसके साथ उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एस एस पी बरेली घुले सुशील चंद्रभान ने कहा कि आदर्श आचार सहायता चल रही है। सभी लोग आचार संहिता का पालन करें। खुरपतियों पर पुलिस की पैनी नजर है। कानून व्यवस्था बिगड़ने की कोशिश की गई तो ऐसे लोगों से सख्ती से निपटा जाएगा। इसके बाद उन्होंने तहसील सभागार में बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने आवश्यक निर्देश भी दिए। इस दौरान डीएम बरेली रविंद्र कुमार, एसएसपी बरेली घुले सुशील चंद्रभान, सीओ नीलेश मिश्र, एस डी एम आंवला एन राम, तहसीलदार अर्चि गुप्ता, नायब तहसीलदार राजकुमार सिन्हा, इंस्पेक्टर आंवला वीरेश कुमार, आदि मौजूद रहे।

# सपा प्रत्याशी पूर्व सांसद प्रवीण सिंह ऐरन ने किया मेले का उद्घाटन

**शाही।** थाना शाही क्षेत्र के गांव बड़ा बसावनपुर में शिव आदर्श रामलीला मेले का आज इंडिया गठबंधन सपा प्रत्याशी पूर्व सांसद प्रवीण सिंह ऐरन ने फीता काट कर उद्घाटन किया। उसके बाद मेला कमेटी के अध्यक्ष पूरन लाल लोधी एवं अन्य पदाधिकारी ने सपा प्रत्याशी पूर्व सांसद प्रवीण सिंह ऐरन का फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। और प्रवीण सिंह ऐरन जिंदाबाद के नारे लगाए। इस दौरान सपा प्रत्याशी पूर्व सांसद प्रवीण सिंह ऐरन ने मेला कमेटी के अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारी का धन्यवाद कर कहा बड़ा बसावनपुर ग्राम वासी मुझसे दिल से प्यार करते



हैं। बड़े सौभाग्य की बात है कि 40 साल पुराने मेले का उद्घाटन करने के लिए मुझे बुलाकर उद्घाटन कराया गया। और उन्होंने कहा कि कस्बा एवं देहात क्षेत्र में रामलीला होने से आपसी भाईचारा बना रहता है। और मेला हमारी पुरानी संस्कृति की याद दिलाता है। इस दौरान पूर्व सांसद प्रवीण सिंह ऐरन ने बताया कि अगर मैं आप लोगों के



आशीर्वाद से जीता हूं हर गांव में बहन बेटियों की शादी के लिए बारात घर आने जाने के लिए अच्छी सड़क, नाली खरंजे और हर गांव में स्कूल बनवाने का कार्य किया जाएगा। और फतेहगंज पश्चिमी में रबर फैक्ट्री की खाली पड़ी जमीन पर इंडस्ट्रीज फैक्ट्री लगा कर पहले लेकर युवा बेरोजगारों को नौकरी दिलाने का काम किया जाएगा। रामलीला मेले उद्घाटन के दौरान बरेली 25 लोकसभा चुनाव प्रभारी विपुल गुप्ता गुप्ता, मीरगंज विधानसभा प्रभारी संजीव गुप्ता, मेला कमेटी के अध्यक्ष पूरनलाल लोधी, महेंद्र सिंह लोधी, खूब चन्द, जय कुमार, नृपेन्द्र कुमार, हरीश कुमार गंगवार, हुकुम सिंह, रिहान, रामनिवास शर्मा, डॉक्टर समीर कुमार, अजय पटेल, फतेहगंज पश्चिमी ब्लॉक प्रभारी परितोष रंजन, सांसद प्रतिनिधि डॉक्टर मुदित प्रताप सिंह, मीरगंज ब्लॉक प्रभारी अजीम मालिक, डॉ मनोज शर्मा, पवन दीक्षित, कौशल कुमार शर्मा आदि ग्राम वासी और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# आरसीबी और केकेआर के बीच होगा कड़ा मुकाबला





**बेंगलुरु (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में शुक्रवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) के बीच यहां के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में कड़ा मुकाबला होगा। इस मैच में दोनो ही टीमें जीत के इरादे से उतरेंगी। दोनो ही टीमों ने अब तक एक-एक मैच जीता है जिससे उनका मनोबल बढ़ा हुआ है। फाफ डु प्लेसी की कप्तानी में आरसीबी ने पिछले मैच में पंजाब किंग्स को चार विकेट से जबकि श्रेयस अय्यर की कप्तानी में केकेआर ने सनराइजर्स हैदराबाद को चार रनों से हराया था। दोनो ही टीमें अपने शीर्ष और मध्य क्रम के बल्लेबाजों के खराब प्रदर्शन के कारण मुश्किलों में हैं। इस मैच में दोनो ही टीमें जमकर रन बना सकती हैं। एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम की पिच सपाट और बल्लेबाजी के लिए अनुकूल मानी जाती है। इसमें नई गेंद से तेज गेंदबाजों को लाभ मिलता है। इसके पावरप्ले में बल्लेबाज जमकर शॉट्स खेलते हैं। वहीं धीमें गेंदबाज यहां हमेशा महंगे साबित हुए हैं। इसमें छोटी बाउंड्री से चौके-छक्के ज्यादा लगते रहे हैं। इसको ध्यान में रखते हुए गेंदबाज गति में बदलाव कर बल्लेबाजों को मुश्किल में डाल देते हैं। पिछले मैच में अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ने अर्धशतक लगाया था जिससे आरसीबी की टीम उत्साहित है। टीम को कप्तान फाफ डुप्लेसी, ग्लेन मैक्सवेल, कैमरन ग्रीन और रजत पाटीदार से भी अच्छी पारी की उम्मीदें हैं। वहीं केकेआर के पास शीर्ष और मध्यक्रम में कप्तान श्रेयस अय्यर, वेंकटेश अय्यर, सुनील नरेन और नीतिश राणा जैसे खिलाड़ी हैं जो ईडन गार्डंस पर सनराइजर्स के खिलाफ रन नहीं बना पाये थे। अब इन खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन करना होगा। वहीं रमनदीप सिंह, रिंकू सिंह और आंद्रे रसेल ने छठे, सातवें और आठवें नंबर पर उतरकर टीम को अच्छे स्कोर तक पहुंचाया था। केकेआर के कप्तान श्रेयस अय्यर पिछले मैच में शून्य पर ही आउट हो गये थे और अब इस मैच में वह भी रन बनाने के इरादे से उतरेंगे। चिन्नास्वामी स्टेडियम में श्रेयस का पिछला प्रदर्शन अच्छा रहा है। पिछले साल विश्व कप में उन्होंने नीदरलैंड के खिलाफ नाबाद 128 और दिसंबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवें टी-20 में 53 रन बनाए थे। वहीं गेंदबाजी में पिछले मैच में युवा नदीम ने 19 रन देकर एक विकेट लिया था पर मिचेल स्टार्क और वरूण चक्रवर्ती विफल रहे थे। आरसीबी की ओर से पिछले मैच में तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और यश दयाल ने गेंदबाजी की थी पर अन्य गेंदबाज विफल रहे। अब उन्हें भी बेहतर प्रदर्शन करना होगा। आरसीबी की बल्लेबाजी डु प्लेसी के अलावा विराट और मैक्सवेल जैसे खिलाड़ियों पर आधारित रहेगी जबकि केकेआर की बल्लेबाजी श्रेयस के अलावा नीतिश राणा, मनीष पांडे और रिंकू सिंह जैसे बल्लेबाजों पर आधारित रहेगी।

### टीम

**आरसीबी टीम :** फाफ डु प्लेसी (कप्तान), ग्लेन मैक्सवेल, विराट कोहली, रजत पाटीदार, अनुज रावत, दिनेश कार्तिक, सुयश प्रभुदेसाई, विल जैक्स, महिपाल लोमरोर, कर्ण शर्मा, मनोज भंडागे, मयंक डागर, विजयकुमार विशाक, आकाश दीप, मोहम्मद सिराज, रीस टॉपले, हिमांशु शर्मा, राजन कुमार, कैमरून ग्रीन, अल्जारी जोसफ, यश दयाल, टॉम करन, लॉकी फर्ग्यूसन, स्वप्निल सिंह, सौरव चौहान।

**केकेआर टीम :** श्रेयस अय्यर (कप्तान), नीतीश राणा, मनीष पांडे, रमनदीप सिंह, रिंकू सिंह, शाकिब अल हसन, अनुकूल रॉय, वेंकटेश अय्यर, शेरफेन रदरफोर्ड, अंगकृष रघुवंशी, आंद्रे रसेल, सुनील नारायण, केएस भरत, फिल साल्ट, रहमानुल्लाह गुरबाज, वैभव अरोड़ा, चेतन सकारिया, दुष्मंता चामीरा, वरूण चक्रवर्ती, मिचेल स्टार्क, मुजीब उर रहमान, हर्षित राणा, सुयश शर्मा।

# श्रीजेश एफआईएच एथलीट समिति के सह अध्यक्ष बने, हॉकी इंडिया ने दी बधाई




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने पी आर श्रीजेश को एफआईएच एथलीट समिति का सह अध्यक्ष बनने पर बधाई देते हुए कहा कि वह साथी खिलाड़ियों की बेहतरी में बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। अंतराष्ट्रीय हॉकी महासंघ ने बुधवार को नई एथलीट समिति का ऐलान किया जिसके अध्यक्ष श्रीजेश और चिली महिला हॉकी टीम की डिफेंडर कामिला काराम होंगी। काराम को कार्यकारी बोर्ड में एथलीट समिति का प्रतिनिधि और सह अध्यक्ष बनाया गया है जबकि श्रीजेश सह अध्यक्ष होने के साथ नियोजन और बैठकों में अगुवाई करेंगे। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने एक विज्ञप्ति में कहा, 'यह देखकर अच्छा लगा कि पी आर श्रीजेश को एफआईएच में ऐसी भूमिका मिली है जो हॉकी खिलाड़ियों के जीवन को सीधे प्रभावित कर सकती है। उनके पास अपार अनुभव है और खिलाड़ियों की बेहतरी के लिए वह बहुत कुछ कर सकते हैं।' एफआईएच एथलीट समिति सलाहकार ईकाई है जो एफआईएच कार्यकारी बोर्ड, समितियों, सलाहकार पेनल और अन्य ईकाइयों को सलाह देती है। उनका काम खिलाड़ियों की ओर से एफआईएच को फीडबैक देने के साथ खिलाड़ियों के लिए संसाधनों और नई पहल का विकास करना है।

# सूर्यकुमार जल्द मुंबई इंडियन्स की ओर से करेंगे वापसी, बीसीसीआई सूत्र ने फिटनेस पर दी जानकारी

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** दुनिया के नंबर एक टी20 बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी से पूरी तरह नहीं उबर पाए हैं और आईपीएल के कुछ और मैचों में नहीं खेल पाएंगे। राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) उनकी प्रगति पर नजर रखे हुए है। मुंबई इंडियन्स के लिए खेलने वाले सूर्यकुमार मौजूदा सत्र में अब तक कोई मैच नहीं खेल पाए हैं और उनकी टीम को दोनों मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सूत्र ने कहा, 'सूर्या (सूर्यकुमार) काफी अच्छी प्रगति कर रहा है और काफी जल्द मुंबई इंडियन्स की ओर से वापसी करेगा। शुरुआती दो मैच में नहीं खेल पाने के बाद हालांकि उसे कुछ और मुकाबलों से बाहर रहना पड़ सकता है।' मुंबई इंडियन्स को सूर्यकुमार की कमी खल रही है लेकिन बीसीसीआई इस आक्रामक बल्लेबाज की फिटनेस को लेकर कोई जोखिम नहीं उठाना चाहता क्योंकि जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी20 विश्व कप में उनके बड़ी भूमिका निभाने की उम्मीद है। सूत्र ने कहा, 'बीसीसीआई के लिए मुख्य चिंता यह है कि वह टी20 विश्व कप में खेलने की राह पर हैं या नहीं और वह इस स्थिति में है।' मैदान के चारों तरफ शॉट खेलने की क्षमता के लिए 33 साल के सूर्यकुमार की तुलना कई बार दक्षिण अफ्रीका के संन्यास ले चुके दिग्गज बल्लेबाज एबी डिविलियर्स से होती है। उन्होंने इस प्रारूप में 171.55 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं। सूर्यकुमार ने भारत के लिए 60 टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में चार शतक की मदद से 2141 रन बनाए हैं।

# क्लासेन ऑरेंज कैप की दौड़ में शीर्ष पर पहुंचे

### –पर्पल कैप के लिए मुस्ताफिजुर का दावा



**हैदराबाद (एजेंसी)।** आईपीएल 2024 में सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से खेल रहे दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज हेनरिच क्लासेन ने मुम्बई इंडियंस के खिलाफ आक्रामक पारी खेलकर ऑरेंज कैप पर अपना दावा मजबूत कर लिया है। क्लासेन की पारी की सहायता से सनराइजर्स ने इस मैच में आईपीएल इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर बनाकर पांच बार की खिताब विजेता मुम्बई इंडियंस का हराया। क्लासेन अब इस सत्र में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष पर पहुंच गये हैं। इस प्राकर उन्होंने ऑरेंज कैप की दौड़ में आरसीबी के विराट कोहली को पीछे छोड़ दिया है।

क्लासेन ने अपनी पारी के दौरान 34 गेंदों पर 4 चौकों और 7 छक्कों की मदद से नाबाद 80 रन बनाए। इस दौरान उनकी स्ट्राइक रेट 235.29 रन रहा। इस पारी के बल पर क्लासेन इस आईपीएल में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष पर पहुंच गए हैं। क्लासेन के अब 2 मैचों में 143 रन हो गए हैं। वहीं आरसीबी के पूर्व कप्तान विराट कोहली के 2 मैचों में 98 रन हैं और वह दूसरे नंबर पर फिसल गये हैं। इस सूची में तीसरे नंबर पर सनराइजर्स हैदराबाद के बल्लेबाज अभिषेक शर्मा हैं। अभिषेक ने 2 मैचों में 95 रन बनाए हैं। वहीं मुम्बई के तिलक वर्मा 89 रन के साथ चौथे स्थान पर हैं जबकि सैम करेन 86 रन के साथ पांचवें नंबर हैं।

वहीं गेंदबाजों की बात करें तो चेन्नई सुपरकिंग्स की ओर से खेल रहे बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्ताफिजुर रहमान पहले नंबर पर होने के साथ ही पर्पल कैप की दौड़ में नंबर एक पर हैं। मुस्ताफिजुर ने 2 मैचों में सबसे ज्यादा 6 विकेट लिए हैं। वहीं 11 गेंदबाजों के एक समान 3 विकेट हैं पर लेकिन बेहतर इकॉनोमी रेट की वजह से पंजाब किंग्स के गेंदबाज हरप्रीत बरार दूसरे नंबर पर हैं। सनराइजर्स के तेज गेंदबाज टीम नटराजन तीसरे जबकि कोलकाता नाइटराइडर्स के हर्षित राणा चौथे व मुंबई इंडियंस के जसप्रीत बुमराह पांचवें नंबर पर हैं।

# मफाका सबसे कम उम्र में आईपीएल खेलने वाले विदेशी खिलाड़ी बने




हैदराबाद । मुम्बई इंडियंस की ओर से खेल रहे दक्षिण अफ्रीका के युवा तेज गेंदबाज क्वेना मफाका सबसे कम उम्र में आईपीएल खेलने वाले विदेशी खिलाड़ी बन गये हैं। मफाका इस मैच में प्रभावित नहीं कर पाये और उनकी गेंदों की जमकर पिटाई हुई। हैदराबाद के सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड ने मफाका के दूसरे ही ओवर में 22 रन बना दिये। हेड ने इस गेंदबाज के खिलाफ दो छक्के और दो चौके लगाये। मफाका से पहले आईपीएल डेब्यू करने वाले सबसे युवा विदेशी खिलाड़ी बांग्लादेश के मुजीब उर रहमान थे। मुजीब ने 17 वर्ष, 11 दिन की उम्र में पहली बार आईपीएल खेला था। मफाका ने अभी तक कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला है पर इस 17 वर्षीय तेज गेंदबाज ने अंडर 19 विश्व कप में 9.71 की औसत से 21 विकेट लिए थे और उन्हें टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था। इसके अलावा इस गेंदबाज के नाम अंडर–19 विश्व कप के एक संस्करण में सबसे अधिक तीन बार 5 विकेट लेने का भी रिकार्ड है।

# सनराइजर्स के लिए सबसे तेज अर्धशतक लगाकर बोले अभिषेक शर्मा– आउट होने के बाद मुझे पता चला




हैदराबाद। सनराइजर्स हैदराबाद के बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने कहा है कि मुंबई के खिलाफ रिकॉर्डतोड़ बल्लेबाजी प्रदर्शन के पीछे टीम प्रबंधन का खुलकर खेलने का संदेश था। सनराइजर्स के बल्लेबाजों ने रिकॉर्ड की झड़ी लगाते हुए मुंबई के खिलाफ आईपीएल का सर्वोच्च स्कोर तीन विकेट पर 277 रन बनाक 31 रन से जीत दर्ज की। ट्रेविस हेड ने 24 गेंद में 62 और शर्मा ने 23 गेंद में 63 रन बनाए जबकि हेनरिच क्लासेन ने 34 गेंद में नाबाद 80 रन की पारी खेली। इससे पहले आईपीएल का सर्वोच्च स्कोर पांच विकेट पर 263 रन था जो 2013 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर ने बनाया था। शर्मा ने कहा, 'मुझे अहसास ही नहीं हुआ कि यह सनराइजर्स के लिए सबसे तेज अर्धशतक था। मैं सिर्फ खुलकर खेलना चाहता था और आउट होने के बाद ही मुझे यह पता चला। मुझे काफी मजा आया।' उन्होंने कहा, 'मैच से पहले टीम बैठक में बल्लेबाजों के लिए सीधा और साफ संदेश था कि मैदान पर उतरकर खुलकर खेलो। यह काफी सकारात्मक संदेश था जो कप्तान और कोच से मिला था। इससे सभी बल्लेबाजों को मदद मिली।' ट्रेविस और शर्मा ने सिर्फ 22 गेंद में 68 रन की साझेदारी की। उन्होंने कहा, 'ट्रेविस मेरे पसंदीदा बल्लेबाजों में से है और उनके साथ बल्लेबाजी करके काफी मजा आया।'

# मैड्रिड स्पेन मास्टर्स 2024: पीवी सिंधु का बेहतरीन प्रदर्शन, क्वार्टर फाइनल में की एंट्री




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत की दिग्गज बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू ने मैड्रिड स्पेन मास्टर्स में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए गुरुवार को यहां चीनी ताइपे की हुआंग यू-हसुन पर सीधे गेम में आसान जीत के साथ क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। इस मुकाबले में पूरी तरह से सिंधू का दबदबा दिखा जिन्हें विश्व रैंकिंग में 63वें स्थान पर काबिज ताइवान की क्वालीफायर खिलाड़ी से कोई चुनौती नहीं मिली।

पूर्व विश्व चैम्पियन सिंधू ने 36 मिनट तक चले मैच को 21-14, 21-12 से अपने नाम किया। पिछले सत्र की उपविजेता सिंधू के सामने अब थाईलैंड की छठी वरीयता प्राप्त सुपानिदा केटथोंग या जापान की नात्सुकी निदाइरा में से किसी एक की चुनौती होगी। सिंधू ने शुरुआती गेम में 3-0 की बढ़त बनायी लेकिन इसके बाद उन्होंने कुछ समय के लिए लय गंवा दी। वह लगातार शटल को नेट पर खेल रही थी जिससे उनकी बढ़त घट कर 7-6 हो गयी।

भारतीय खिलाड़ी ने हालांकि इसके बाद अपने खेल के स्तर को ऊंचा किया और प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ी की गलतियों का फायदा उठाते हुए अपनी बढ़त को 18-12 करने में सफल रही। सिंधू ने इसके बाद आठ गेम प्वाइंट हासिल किये और तीसरे प्रयास में उसे भुना कर पहला गेम जीत लिया। छोर बदलने के बाद भी यू-हसुन का संघर्ष जारी रही। उनके पास सिंधू के ताकतवर प्रहार का कोई जवाब नहीं था। ताइवान की यह खिलाड़ी बार-बार शटल को कोर्ट के बाहर खेल रही थी। उन्होंने 'ड्रॉप शॉट' और 'प्लेस्मेंट' का इस्तेमाल किया लेकिन स्मैश में कोई ताकत नहीं होने से सिंधू को परेशान नहीं कर सकीं।

इस गेम में सिंधू ने आठ मैच प्वाइंट हासिल किये और यू-हसुन के शटल को नेट पर खेलने के साथ ही मुकाबला जीत लिया। पिछले दो सप्ताह में ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप और स्विस ओपन में खिताब जीतने वाली शीर्ष वरीयता प्राप्त स्पेन की कैरोलिना मारिन के टूर्नामेंट से हटने के बाद सिंधू इस प्रतियोगिता में चैम्पियन बनने की मजबूत दावेदार हैं। सिंधू ने बीडब्ल्यूएफ टूर पर अपना पिछला खिताब 2022 सिंगापुर ओपन सुपर 500 में जीता था।

# आईपीएल उद्घाटन समारोह को रिकार्ड संख्या में दर्शकों ने देखा

मुंबई । आईपीएल की लोकप्रियता लगातार बढ़ती जा रही है। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि 17वें सत्र के पहले दिन उद्घाटन समारोह और मैच को रिकॉर्ड 16 करोड़ 80 लाख लोगों ने देखा।




आईपीएल के पहले दिन के खेल का 'वाचटाइम (देखने का समय) 1276 करोड़ मिनट रहा जो किसी भी सत्र में पहले दिन का एक रिकॉर्ड है। इससे पहले के सत्रों में कभी भी पहले दिन इतनी बड़ी तादाद में प्रशंसक नहीं थे। इसके साथ ही आईपीएल के 17वें सत्र में पहले दिन डिजनी स्टार नेटवर्क पर छह करोड़ से अधिक लोगों ने मैच देखा। वहीं गत चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने पहले मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) को छह विकेट से हराया था। प्रसारणकर्ता कंपनी के प्रवक्ता ने कहा, 'यह बड़ी उपलब्धि है जो दर्शकों के इस खेल के प्रति प्यार के कारण ही संभव हो पायी है। हम अपने सभी साझेदारों और बीसीसीआई के साथ ही टूर्नामेंट के प्रायोजक टाटा आईपीएल के प्रति आभार प्रकट करते हैं।

# बुमराह को शुरुआत में गेंदबाजी नहीं दिये जाने से हैरान हैं स्मिथ

### –पांड्या के रवैये पर सवाल उठाये

**हैदराबाद (एजेंसी)।** (ईएमएस)। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान स्टीव स्मिथ ने आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को देर से ओवर दिये जाने के लिए टीम के कप्तान हार्दिक पांड्या की आलोचना की है। स्मिथ ने कहा कि वह इससे हैरान हैं और समझ नहीं पा रहे हैं कि पांड्या ने इस प्रकार का फैसला कैसे किया। उन्होंने कहा कि 13वें ओवर तक बुमराह जैसे मुख्य गेंदबाज को केवल एक ओवर ही दिया जाना हैरान करने वाला है।

स्मिथ ने बताया, मैं मुंबई के लिए पहली पारी में उनके गेंदबाजी में कुछ बदलावों से हैरान था। चौथे ओवर में बुमराह ने गेंदबाजी की, उन्होंने 5 रन दिए और फिर हमने उन्हें 13वें ओवर तक दोबारा नहीं देखा, जब वे 173 रन पर थे। तब तक सनराइजर्स को बढ़त मिल गयी थी। शुरुआत में ही अपने सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों को लगाने की जरूरत थी पर ऐसा नहीं किया गया।

उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि पांड्या ने कुछ फैसले गलत लिए। मेरा कहना है कि आप दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों में से एक को एक ओवर ही गेंदबाजी करने के लिए नहीं कह सकते। स्मिथ ने कहा कि बुमराह को देर से आक्रमण पर दोबारा शामिल किया गया पर तब तक बल्लेबाजों के लय में आने से वह प्रभावहीन हो गए। उन्होंने कहा, जब गेंद इस तरह घूम रही होती है, तो आपको अपने सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज को अपनी इच्छा से पहले वापस लाना होता है। यह बस चलते-फिरते खुद को ढालने के बारे में है और मैं 15वें, 16वें ओवर तक बुमराह के ओवर खत्म कर चुका होता कुछ विकेट लेने की कोशिश करें, अगर उसे विकेट मिलते हैं, तो आप वैसे भी गति धीमी कर देते हैं।

# हनुमा की मुश्यिलें बढ़ीं, एसीए ने नोटिस दिया

बेंगलुरू । बल्लेबाज हनुमा विहारी की मुश्किलें बढ़ सकती है। आंध्र क्रिकेट संघ (एसीए) ने हनुमा के गत माह दिये विवादास्पद बयान के लिए उन्हें नोटिस जारी किया था जिसका उन्होंने अभी तक जवाब नहीं दिया है। हनुमा ने तब एसीए की आलोचना करते हुए कहा था कि उन्हें गलत तरीके से कप्तानी से हटा दिया गया था।



हनुमा ने ये भी कहा था कि अब वह कभी भी आंध्र की ओर से नहीं खेलेंगे। इसके बाद एसीए की शीर्ष परिषद की बैठक में ये मामला उठा था और हनूमा को नोटिस जारी किया गया था जिसका उन्होंने अब तक कोई जवाब नहीं दिया है। एसीए के एक अधिकारी ने बताया, 'हमने कुछ दिन पहले उसे नोटिस जारी किया है और जवाब का इंतजार है। उन्होंने कहा, 'हम केवल यह जानना चाहते हैं कि उन्होंने ऐसी प्रतिक्रिया किस कारण से दी थी। उन्होंने हमसे संपर्क नहीं किया। उनके पास अपनी बात कहने का ये अवसर है। हम प्रदेश क्रिकेट के विकास में उनके योगदान की सराहना करते हैं। वहीं रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल में मध्यप्रदेश के खिलाफ आंध्र की हार के बाद इस क्रिकेटर ने सोशल मीडिया पर लिखा था कि बंगाल के खिलाफ पहले मैच के बाद ही उसके कप्तानी से हटा दिया गया था। उस समय उन्होंने हालांकि कहा था कि निजी कारणों से उन्होंने यह फैसला लिया है। वहीं सोशल मीडिया में इस क्रिकेटर ने लिखा था कि एक स्थानीय नेता के बेटे को उन्होंने फटकारा था इसी कारण उन्हें कप्तानी से हटाया गया था।

# ऑस्ट्रेलिया ने 2024-25 के लिए राष्ट्रीय अनुबंध की घोषणा की, कई बड़े खिलाड़ी हुए बाहर

**मेलबर्न (एजेंसी)।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने 2024-25 के लिए केंद्रीय अनुबंधित पुरुष खिलाड़ियों के 23 सदस्यीय समूह की घोषणा की जिसमें अनुभवी ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस, स्पिनर एश्टन एगर के साथ सलामी बल्लेबाज मार्कस हैरिस, तेज गेंदबाज माइकल नेसर सूची में शामिल नहीं हैं।

स्टोइनिस हाल के दिनों में पीठ की चोटों से जूझ रहे हैं और पिछले महीने ऑस्ट्रेलिया के न्यूजीलैंड टी20 दौरे से चूक गए थे। उन्होंने कोच जस्टिन लैंगर के नेतृत्व में आईपीएल 2024 के ओपनर के रूप में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के लिए वापसी की और नंबर 7 पर बल्लेबाजी करते हुए मात्र 3 रन बनाए जबकि गेंदबाजी नहीं की। इस बीच एगर ने पिछले सितंबर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले वनडे के बाद से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेला है, जहां मार्नस लाबुशेन के साथ मैच जिताने वाली साझेदारी के दौरान उन्हें पिंडली में चोट लग गई थी।

अनुभवी सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर को इसमें जगह नहीं मिली है क्योंकि उन्होंने आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है। अनुबंध सूची में अपग्रेड होने के बाद ऑलराउंडर मैट शॉर्ट और आरोन हार्डी और तेज गेंदबाज नाथन एलिस को नए खिलाड़ी हैं। युवा दाएं हाथ के जेवियर बार्टलेट ने भी इस साल की शुरुआत में वेस्टइंडीज के खिलाफ गेंद से प्रभावित करने के बाद पूर्णकालिक अनुबंध हासिल किया।

शॉर्ट ने पिछले साल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपना टी20 डेब्यू किया और 9 टी20 अंतरराष्ट्रीय और चार एकदिवसीय मैच खेले। इसी तरह हार्डी ने डरबन में उसी खेल में 7 टी20आई और चार एकदिवसीय मैच खेलकर अपना ऑस्ट्रेलियाई पदार्पण किया। बार्टलेट ने बिग बैश लीग और क्वींसलैंड के लिए प्रभावित किया है और इस साल की शुरुआत में वेस्टइंडीज के साथ खेलने वाली ऑस्ट्रेलियाई टी20 और एकदिवसीय टीमों में जगह बनाई है। उन्होंने मेलबर्न में पदार्पण पर 4-17 के साथ शानदार प्रदर्शन किया, फिर कैनबरा में 4-21 के साथ प्रभावित किया।

राष्ट्रीय चयनकर्ताओं के पुरुष अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने कहा, 'मैट, आरोन और जेवियर अपने अंतरराष्ट्रीय करियर के शुरुआती दौर में बेहद प्रभावशाली रहे हैं। उनका प्रदर्शन और जिस तरह से उन्होंने अंतरराष्ट्रीय मंच को अपनाया है, वह देखना रोमांचक रहा है। पैनल का मानना ??है कि उनके पास मजबूत भविष्य है और वे अपने अनुबंध के हकदार हैं क्योंकि वे ऑस्ट्रेलियाई सेटअप में नियमित बनने के प्रयास में काम करते हैं।'

बेली ने कहा कि स्टोइनिस, एगर और नेसर राष्ट्रीय चयन के लिए फ्रेम में बने हुए हैं और अभी भी हैं। अगले साल के लिए अपने राष्ट्रीय अनुबंध खोने के बावजूद जून में ऑस्ट्रेलिया के टी20 विश्व कप में भूमिका निभाने का अनुमान है। बेली ने कहा, 'हम अप्रैल के अंत में एक टीम





तैयार करने के लिए एक साथ आएंगे और 'स्टोइन' और एश एगर दोनों टीम में मजबूती से शामिल होंगे।'

### क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के अनुबंधित पुरुष खिलाड़ी 2024-25

सीन एबॉट, जेवियर बार्लेट, स्कॉट बोलैंड, एलेक्स केरी, पैट कमिंस, नाथन एलिस, कैमरून ग्रीन, आरोन हार्डी, जोश हेज़लवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंगलिस, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन , मिशेल मार्श, ग्लेन मैक्सवेल, लांस मॉरिस, टॉड मर्फी, झाय रिचर्डसन, मैट शॉर्ट, स्टीव स्मिथ, मिशेल स्टार्क, एडम जम्पा

# टेबल टेनिस खिलाड़ी पोयमंती की सहायता करेगा अदाणी समूह

अहमदाबाद। युवा महिला टेबल टेनिस स्टार पोयमंती बैस्या की सहायता के लिए अदाणी समूह सामने आया है। अडानी समूह ने अपनी गर्व है पहल के तहत पोयमंती को समर्थन देने की घोषणा की है। इस कारोबारी समूह का कहना है कि पोयमंती में शीर्ष स्तर पर पहुंचने की क्षमताएं हैं और उसे इसके लिए सभी प्रकार की सहायता उपलब्ध करायी जाएगी। पश्चिम बंगाल के हुगली की रहने वाली पोयमंती ने अपने अब तक के करियर में शानदार प्रदर्शन कर सभी को प्रभावित किया है। 2019 में वेस्ट जोन राष्ट्रीय रैंकिंग टूर्नामेंट में चैम्पियन रही पोयमंती ने 85वें सीनियर नेशनल में अयहिका मुखर्जी को हराकर राष्ट्रीय चैम्पियनशिप जीती थी। इसके अलावा, उन्होंने ओलंपियन सुतीर्था मुखर्जी के साथ महिला युगल में भी जीत दर्ज की थी। इसके अलावा वह मिश्रित युगल स्पर्धा में आकाश पाल के साथ उपविजेता रहीं थीं।



# कैंसर से लड़ेंगी प्रतिरोधी कोशिकाएं


वैज्ञानिकों ने पहली बार लंबे समय से बीमार चल रहे मरीजों के कैंसर ट्यूमर को नष्ट करने के लिए जीन थेरेपी का सफल प्रयोग किया है। इस लक्ष्य को पाने में 20 साल लगे।

**अमेरिका** में पेनसिल्वेनिया विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने पैथोजन से लड़ने वाले मरीजों की अपनी टी कोशिकाएं बनाईं, जिसका लक्ष्य ल्यूकिमिया कोशिकाओं की सतह पर मिले कणों से लड़ना था। बदली हुई टी कोशिकाओं को शरीर के बाहर विकसित किया गया और उसके बाद क्रोनिक लिम्फोसाइटिक ल्यूकिमिया से बीमार मरीजों के शरीर में वापस डाला गया। यह बीमारी खून और बोन मैरो को प्रभावित करती है और ल्यूकिमिया का बहुत आम रूप है।



## परीक्षण का पहला चरण

नई थेरेपी की मदद से कैंसर के तीन मरीजों को जीवनदान मिला। इसने प्रतिरक्षी कोशिकाओं को ट्यूमर किलर में बदल दिया। पहले चरण के ट्रायल में भाग लेने वाले दो मरीजों की हालत पिछले एक साल से सुधर रही है। तीसरे मरीज के शरीर ने अच्छी प्रतिक्रिया दी है और उसका कैंसर नियंत्रण में है। अगला बड़ा चरण शुरू करने से पहले शोधकर्ता क्रोनिक लिम्फोसाइटिक ल्यूकिमिया के शिकार चार और मरीजों का उपचार करना चाहते हैं।




7

8

## विकास के दौर में

ट्रायल के नतीजों ने वैज्ञानिकों को हैरत में डाला, हालांकि जीन थेरेपी अभी भी विकास के दौर में है। पेनसिल्वेनिया विश्वविद्यालय के पेरेलमन मेडिसीन स्कूल के डॉ. माइकल कैलोस के अनुसार हमने टी-सेल की सतह पर एक कुंजी डाली, जो उस ताले के साथ फिट बैठती है, जो सिर्फ कैंसर की सेलों में होता है। इलाज के नतीजे दूसरे प्रकार के कैंसरों के इलाज का भी रास्ता सुझाते हैं। इसमें फेफड़े और अंडाशय का कैंसर भी शामिल है। शोध के नतीजे न्यू इंग्लैंड जर्नल ऑफ मेडिसीन और साइंस ट्रांसलेशनल मेडिसीन पत्रिकाओं में प्रकाशित किए गए हैं। कैलोस ने कहा है कि एडॉप्टिव टी-सेल ट्रांसफर के नाम से जाने, जाने वाले पिछले प्रयास या तो इसलिए विफल हो गए कि टी-सेलों की प्रतिक्रिया बहुत कमजोर थी या फिर इसलिए कि वे सामान्य ऊतकों के लिए अत्यंत विषैले थे।

## कैंसर इलाज की नई तकनीक

यह तकनीक कैंसर के इलाज की दूसरी तकनीकों से अलग है। यह ट्यूमर का मुकाबला करने के लिए शरीर की अपनी प्रतिरक्षा प्रणाली को काम में लाती है। अब आप इम्यून रेस्पांस करवाने की कोशिश छोड़िए, हम आपको इम्यून रेस्पांस दे रहे हैं।


इलाज की नई प्रणाली सुरक्षित मालूम होती है, लेकिन शोधकर्ताओं का कहना है कि अभी और परीक्षण किए जाने की जरूरत है। पहले चरण के ट्रायल में ल्यूकिमिया के मरीजों को प्रतिरक्षा बढ़ाने वाली दवा दी गई, क्योंकि लक्षित अणु सीडी 19 सामान्य प्रतिरक्षा सेलों पर भी होता है। जीन थेरेपी के लिए शोधकर्ताओं ने एक वायरस का इस्तेमाल किया, जो कोशिकाओं को सिर्फ एक बार संक्रमित कर सकता है। लगभग दो सप्ताह बाद मरीजों ने ट्यूमर लाइसिसि सिंड्रोम का अनुभव करना शुरू किया। इसमें कंपकंपी, मितली और बुखार के लक्षण दिखाई देते हैं, जो कैंसर की मरती कोशिकाओं से पैदा होने वाले उत्पादों के कारण पैदा होते हैं।

## नए टी-सेल

नए विकसित टी-सेल बाद के कई महीने तक मरीजों के खून में पाए गए। उनका एक हिस्सा मेमोरी सेलों में बदल गया, जो कैंसर के फिर से होने से सुरक्षा कर सकता है। पोर्टलैंड ओरेगन के कैंसर सेंटर के डॉ. वाल्टर ऊरबा चेतावनी देते हैं कि सक्रिय टी-सेलों और मेमोरी सेलों की उपस्थिति दूसरे प्रकार के कैंसरों के लिए समस्या पैदा कर सकती है, जहां सामान्य कोशिकाओं पर विषैला असर और गंभीर हो सकता है। जीन थेरेपी के ट्रायल पर सारा खर्च शैक्षणिक समुदाय से आया है।

# फेफड़ों के कैंसर को रोकेगी जालकोरी

फेफड़ों के कैंसर की नई दवा जालकोरी उपयोगी साबित होगी। अमेरिका के औषधि प्रशासन विभाग ने गोली को मंजूरी दे दी है।




अमेरिका के खाद्य एवं औषध प्रशासन ने फेफड़ों के कैंसर से बचाव करने और ट्यूमर के विकास को रोकने वाली दवा को मंजूरी दी है। जालकोरी नामक यह गोली जीन पर हमला कर उपचार करती है। प्रमुख दवा कंपनी फाइजर द्वारा निर्मित जालकोरी नामक यह गोली कैंसर पीड़ितों के शरीर में जीन पर हमला कर उपचार करती है। इससे उन कैंसर मरीजों का इलाज संभव होगा, जिनके शरीर में एक असाधरण जीन मौजूद होती है, जिससे कैंसर कोशिकाएं बढ़ने लगती हैं और ट्यूमर विकसित होता रहता है। येल विश्वविद्यालय में कैंसर चिकित्सा विभाग के प्रमुख डॉ. रॉय हर्बस्ट का कहना है यह एक आणविक चिकित्सा का उदाहरण है। अब ऐसी थेरेपी विकसित हो चुकी है, जो कीमोथेरेपी से भी बेहतर है और ट्यूमर को खत्म करने में सहायक सिद्ध हो सकती है। खाद्य एवं औषध प्रशासन (एफडीए) का कहना है कि करीब तीन चौथाई रोगियों की जांच ट्यूमर विकसित होने के बाद हो पाती है। साथ ही इनमें से मात्र छह प्रतिशत लोग पांच साल तक जीवित रह पाते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि जालकोरी फाइजर के लिए एक ब्लॉकबस्टर उत्पाद सिद्ध हो सकता है। पिछले हफ्ते खाद्य एवं औषध प्रशासन ने एक और ऐसी दवा को मंजूरी दी है, जो जीन में परिवर्तन कर कैंसर का इलाज करती है।

# बड़ी फिगर से खो सकती है याददाश्त

अगर आपके फिगर की मोटाई अधिक है तो आप सावधान हो जाइये। इससे आपकी याददाश्त भी जा सकती है।



एक नए शोध के अनुसार किसी महिला की फिगर उसकी याददाश्त को प्रभावित कर सकती है। अमेरिका में शोधकर्ताओं ने पाया कि बूढ़ी महिलाओं का वजन अधिक हो तो उनकी याददाश्त कमजोर होती है, लेकिन अगर नितंबों का वजन अधिक है तो यह याददाश्त को बहुत अधिक प्रभावित करती है।

## अन्य बीमारियों का खतरा

विशेषज्ञों का मानना है कि कमर के आसपास वजन बढ़ने से कैंसर, डायबिटीज और दिल की बीमारियों के बढ़ने का खतरा रहता है। यह शोध जर्नल ऑफ द अमेरिकन गेरियाट्रिक्स सोसायटी में छपा है, जिसमें अच्छे दिमाग के लिए सही वजन होने की महत्ता बताई गई है।

## वजन घटने से खतरा कम

हालांकि शोध में यह भी कहा गया है कि अगर नितंबों का वजन बहुत अधिक न हो यानी थोड़ा सा ही अधिक हो तो इससे दिमाग की सुरक्षा भी होती है। शोधकर्ता मानते हैं कि महिलाओं में पेट के आसपास जमा होने वाली वसा ओस्ट्रोजन हार्मोन बनाती है, जिसका बनना मीनोपॉज के बाद कम हो जाता है। ओस्ट्रोजन हार्मोन दिमाग के लिए मददगार होती है। यह शोध 65 से 79 साल की 8,745 महिलाओं पर किया गया। इन महिलाओं की याददाश्त की परीक्षा ली गई। इनमें से अधिकतर महिलाओं का वजन अधिक था और उनके बॉडी मास इंडेक्स का भी माप लिया गया। शोधकर्ताओं ने पाया कि जैसे जैसे बॉडी मास इंडेक्स बढ़ता है, वैसे वैसे उनकी याददाश्त कम होती जाती है। इस शोध में उन महिलाओं की याददाश्त सबसे खराब पाई गई, जिनकी कमर छोटी और नितंब बड़े पाए गए। शोधकर्ताओं के प्रमुख डॉ. डायना करविन का कहना था, हमें ये देखना होगा कि कौन सी वसा दिमाग को किस तरह प्रभावित करती है।

# नए सेल्स नहीं बनने देती रेडियेशन थेरेपी

रेडियेशन थेरेपी कैंसर की चिकित्सा का एक तरीका है जिसमें आयोनाइजिंग रेडियेशन नामक कणों का इस्तेमाल कैंसर के सेल्स को क्षति पहुंचाने के लिए होता है।

**आयोनाइजिंग** रेडियेशन कैंसर के सेल्स पर प्रहार करती है और उसके आनुवांशिक तत्व को नुकसान पहुंचा कर नए सेल्स को बनने नहीं देती । रेडियेशन थेरेपी के दौरान कैंसर के सेल्स के आसपास के सामान्य सेल्स को भी क्षति पहुंचती है लेकिन यह समय के साथ ठीक हो जाते हैं। रेडियेशन थेरेपी बाह्य रूप से एक्स रे बीम्स के रूप में गामा रेज या सब एटामिक पार्टिकल्स के रूप में दी जाती है। बाह्य रूप से रेडियेशन देने की प्रक्रिया में 5 से 15 मिनट लगते हैं और इसमें दर्द नहीं होता ।

## कुछ नए तरीके

चिकित्सा कितनी बार दी जानी है यह हर व्यक्ति के लिए अलग अलग होता है। कुछ स्थितियों में चिकित्सा में कई हफ्ते लग जाते हैं। आंतरिक रूप से भी रेडियेशन दिया जाता है। ऐसे में रेडियोऐक्टिव पदार्थों को शरीर की कैविटी के रख दिया जाता है या फिर ट्यूमर के सेल्स के अन्दर रखा जाता है। रेडियेशन थेरेपी के प्रभाव को बढ़ाने के लिए अपनाये जाने वाले कुछ नए तरीके हैं –

- **कनफार्मल बीम तकनीक**: कई बीम से एक ही समय रेडियेशन भी ली जा सकती है। ऐसा करने से रेडियेशन ट्यूमर के सेल्स पर एकत्रित हो जाता है और सामान्य टिश्यूज को कम प्रभावित करता है।
- **इन्ट्राआपरेटिव रेडियेशन थेरेपी** : सर्जरी के दौरान ट्यूमर पर रेडियेशन दी जाती है।
- **रेडियेसेंसिटाइजर्स**: यह ड्रग्स कैंसर के सेल्स पर रेडियेशन के प्रभाव को बढ़ाते हैं।
- **रेडियोप्रोटेक्टर्स**: यह ड्रग्स सामान्य सेल्स को रेडियेशन के द्वारा हुई क्षति से बचाते हैं जबकि आसपास के कैंसर के सेल्स क्षतिग्रस्त हो चुके होते हैं।
- **रेडियोइम्यूनोथेरेपी**: रेडियोएक्टिव पदार्थ एण्टीबाडीज से जुड़े होते हैं जो कि रक्षात्मक रासायन होते हैं और प्रतिरक्षा प्रणाली द्वारा बनाये जाते हैं। यह एण्टीबाडीज कैंसर के सेल्स को प्रभावित करते हैं । हमारे शरीर के एण्टीबाडीज नान कैंसरस, स्वस्थ सेल्स को प्रभावित नहीं करते हैं इसलिए इससे ट्यूमर के बाहर रेडियेशन से होने वाली क्षति का खतरा कम होता है ।

## रोग की चिकित्सा

बाह्य / एक्सटर्नल रेडियेशन थेरेपी शुरू करने से पहले रेडियेशन विशेषज्ञ चिकित्सा की योजना बनाता है। वह यह भी निर्धारित करता है कि मरीज़ को किस प्रकार की रेडियेशन और कितने सेशन देने हैं । आप शुरूआती सेशन में भाग ले सकते हैं। चिकित्सक सबसे पहले उस जगह पर निशान बनाता है जहां पर कि रेडियेशन चिकित्सा देनी होती है। चिकित्सकीय क्षेत्र पर निशान अंकित करने के लिए आजकल छोटे गोल्ड सीड्स का इस्तेमाल किया जाता है जिन्हें कि फिड्यूकल्स कहते हैं। एक चिकित्सकीय सेशन से दूसरे चिकित्सकीय सेशन में जाने के लिए ट्यूमर पर रेडियेशन की बीम देने पर ज्यादा सावधानी की आवश्यकता होती है। इससे रेडिसेशन के फैलने का खतरा और सामान्य सेल्स को क्षति पहुंचने का खतरा कम हो जाता है। चिकित्सा के दौरान मरीज को अस्पताल का गाउन पहनने की आवश्यकता होती है। रेडियेशन थेरेपी के कमरे में आपको या तो चिकित्सा की टेबल पर लेटना होता है या विशेष कुर्सी पर बैठना होता है। आपकी त्वचा पर बनाये निशान से चिकित्सक उस जगह को निर्धारित कर सकेगा जहां पर रेडियेशन देनी है और शरीर के दूसरे भागों पर किसी प्रकार का प्रभाव नहीं पड़ेगा। थेरेपी लेने के दौरान आपका एक ही स्थिति में पड़े रहना जरूरी है। इसी कारण से आपके शरीर को एक सांचे में रखा जाता है। एक बार जबकि आप चिकित्सा के लिए तैयार हो जाते हैं तो रेडियेशन आनकोलाजिस्ट कमरे से बाहर निकलकर पास के कंट्रोल रूम में चला जाता है । यहां से चिकित्सक ट्रीटमेंट मशीन का प्रयोग कर एक खास खिड़की से आपकी निगरानी करता है। रेडियेशन थेरेपी के दौरान आप चिकित्सकीय मशीन की आवाज़ सुन सकते हैं और यह मशीन आपके इर्द गिर्द घूमती है । यह चिकित्सा 1 से 5 मिनट तक होती है और इसमें किसी प्रकार का दर्द भी नहीं होता । ट्रीटमेंट के कमरे में आपको 5 से 15 मिनट तक का समय लगता है । सामान्यत: यह चिकित्सा एक हफ्ते से कई हफ्तों तक की जाती है । अगर आप आंतरिक रेडियेशन थेरेपी करा रहे हैं तो आपकी चिकितसा थोड़ा अलग तरीके से होती है।



## ब्रैकी थेरेपी

एक तरीका है ब्रैकीथेरेपी जिसे कि इन्टरस्टीशियल रेडियेशन थेरेपी भी कहते हैं । अगर आप यह प्रक्रिया करा रहे हैं तो आपको एनेस्थीसिया दिया जाता है तारों में मौजूद रेडियोएक्टिव पदार्थ या छोटे ट्यूब में पड़ा रेडियोएक्टिव पदार्थ मरीज के शरीर में ट्यूमर के स्थान पर सीधा आरोपित कर दिया जाता है। यह रेडियोएक्टिव आरोपण शरीर के अंदर रहता है या इसे कुछ समय बाद शरीर से निकाल दिया जाता है और यह बात भी कैंसर के प्रकार पर निर्भर करती है।

दूसरी प्रक्रिया जिसे कि इन्ट्राकैविटरी थेरेपी कहते हैं इसमें आपको जनरल या लोकल एनेस्थेटिक दिया जाता है और रेडियोएक्टिव पदार्थ को सीधा शरीर की कैविटी में आरोपित कर दिया जाता है। बाद में इसे निकाल भी दिया जाता है। पुराने समय से आज तक दोनों ही प्रकार की रेडियेशन थेरेपी में बदलाव आये हैं। जैसे कि रेडियेशन का स्रोत प्रोटोन भी हो सकते हैं। इस तकनीक में रेडियेशन बीम को सीधा मरीज पर केंद्रित किया जाता है। इससे अधिक मात्रा में रेडियेशन टिश्यूज तक पहुंच जाती है और यह सामान्य सेल्स को कम नुकसान पहुंचाती है ।

वितरण की नयी तकनीक को देखते हुए एक्स रे इमेजिंग तकनीक का प्रयोग भी विस्तार से हो रहा है । ऐसे दो तरीके हैं–

- **थ्री डाइमेंशनल कनफार्मल रेडियेशन और इन्टेंसिटी माडूलेटेड रेडियेशन** : इसका ध्येय है ट्यूमर सेल्स में रेडियेशन की सही मात्रा देना जिससे कि सामान्य सेल्स को किसी प्रकार की क्षति ना पहुंचे ।
- साइबरनाइफ थेरेपी अधिक मात्रा में रेडियेशन थेरेपी देती है और इसे छोटे अंतराल पर देना होता है। ऐसे में बहुत ही सटीक मात्रा में रेडियेशन की डोज देनी होती है। कुछ स्थितियों में रेडियेशन चिकित्सा में कुछ हफ्ते लग जाते हैं और बीमारी ठीक हो जाती है।



## बीमारी का पूर्वानुमान

चिकित्सक कुछ शरीरिक जांच, स्कैन, एक्स रे, रक्त जांच करके रेडियेशन थेरेपी का पता लगाने की कोशिश करेंगे । आपके निशचित प्रकार की फोलो अप और जांच से यह पता चलेगा कि रेडियेशन थेरेपी की आवश्यकता है या नहीं । इस जांच से ट्यूमर की सथिति का पता चलेगा और यह भी पता चलेगा कि कैंसर कितना फैल चुका है। रेडियेशन थेरेपी के बहुत से दूसरे अतिरिक्त प्रभाव हैं जो कि शरीर के उस क्षेत्र पर निर्भर करते हैं जिनकी चिकित्सा की जानी है। रेडियेशन थेरेपी के प्रभाव कुछ इस प्रकार से हो सकते हैं जैसे कि थकान होना, बालों का झड़ना, त्वचा के रंग में परिवर्तन, भूख ना लगना, उलटियां आना, इन्फर्टिलिटी, स्टेरिलिटी, वैजाइनल ड्राइनेस। रेडियेशन थेरेपी से दूसरे प्रकार के कैंसर का भी डर रहता है।